CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –68 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.




### कारोबारी की हत्या पर भाजपा-नीतीश सरकार पर बरसे राहुल गांधी

# बिहार को क्राइम कैपिटल बना दिया, बदलाव जरूरी

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।' राहुल गांधी ने कहा कि अब वक्त नए बिहार का है। उन्होंने लिखा कि हर हत्या, हर लूट, हर गोली – एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।'



आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम: **राहुल गांधी**

- शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी
- कहा, इस बार बिहार को बचाने के लिए करें वोट
- राज्य की कानून व्यवस्था पर खड़े किए जा रहे सवाल

बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में हुई। गोपाल खेमका पटना के जाने-माने व्यवसायी थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की हत्या भी छह वर्ष पूर्व वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में कर दी गई थी। उस समय भी काफी हंगामा हुआ था। पटना के पॉश इलाके में खुलेआम बड़े व्यवसायी की मौत ने राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर ऐसे समय में जब बिहार में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं, तो गोपाल खेमका की हत्या ने विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा पकड़ा दिया है, जिससे वे सरकार को घेर सकते हैं। व्यवसायी वर्ग में गोपाल खेमका का बड़ा रसूख था। उनकी हत्या से बिहार का व्यवसायी वर्ग सदमे में है। गोपाल खेमका की हत्या से बिहार की राजनीति भी गरमा गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि थाना से चंद कदम दूर पटना में बिहार के बड़े व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते क्योंकि इसे ही शास्त्रों में मीडिया प्रबंधन, परसेप्शन मैनेजमेंट और छवि प्रबंधन कहते है।

#### तेजस्वी और राहुल बिहार को बदनाम कर रहे : शाहनवाज

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने उन्होंने गोपाल खेमका हत्याकांड पर राहुल गांधी के पोस्ट को लेकर कहा कि राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं। बिहार को क्राइम कैपिटल कह रहे हैं। इस तरह पोस्ट करके वह बिहार को बदनाम क्यों करना चाहते हैं? बिहार में गोपाल खेमका की हत्या हुई, उसकी जांच चल रही है। इस मामले में शामिल आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे। बिहार में सुशासन है, कानून का राज है। अगर कोई भी ऐसी हरकत होती है, उसके खिलाफ कार्रवाई होती है, लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल

**बिहार सरकार पर भड़के तेजस्वी यादव, पूछा 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं**

**पटना**। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं? उन्होंने मीडिया के बारे में भी कहा कि अगर यह घटना हमारी सरकार में होती तो मीडिया हमारी खाल नोंच लेता। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को लेकर कहा, दुख होता है। इनके परिजनों का दुख हम लोगों से देखा नहीं जा रहा है। यह बहुत ज्यादा हो गया है। जंगलराज की बात करने वाले आज कहां हैं? क्या सुनवाई हो रही है, क्या कार्रवाई हो रही है, क्या एक्शन लिया गया है? उन्होंने आगे कहा कि हम इसलिए हमेशा बुलेटिन जारी करते हैं कि बिहार में ऐसा कोई दिन नहीं है जब गोलियां नहीं चलती हैं। विरोधी दल के नेता के यहां गोलियां चलती हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर गोलियां चलती हैं। इनके मंत्री के घर के बाहर गोलियां चलती हैं। विश्वेश्वरैया भवन के सामने सड़क पर अपराधी एडीजी के सामने गोली मारते हुए निकल जाता है। आज तक कोई अपराधी नहीं पकड़ा गया।

# बारिश की चुनौतियों के बीच आज राजधानी में कांग्रेस की सभा

- सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का दौरा किया

**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। बारिश की चुनौतियों के बीच सोमवार को दोपहर राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस की सभा होगी।सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे। सभा में 25 हजार लोगों के आने की संभावना है।बारिश को देखते हुए तीन विशाल डोम बनाए गए हैं। एक विशाल मंच बनाया गया है जिसमें 150 नेताओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान और पूर्व विधायकों,निगम मंडलों में अध्यक्ष रहे नेताओं के लिए अलग अलग बैठक व्यवस्था रखी गई है। सभा में शामिल होने प्रदेश भर से कार्यकर्ता और नेता जुटेंगे। सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने रविवार को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का दौरा किया।



रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 7 जुलाई को होने वाले किसान, जवान, संविधान सभा के आयोजन में कहीं कोई कमी न रहे जाए, इसकी तस्कीद करने आज कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सभा स्थल पहुंचे।

एक लंबे अंतराल के बाद हो रहे कांग्रेस के इस बड़े और महती आयोजन के लिए मौसम सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।जिसे लेकर सचिन पायलट ने सभा स्थल पर ही पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा की। ➤➤ *शेष पृष्ठ 2 पर* ➤

**खड़गे का दौरा कार्यक्रम-** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। वे सुबह 11.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में ''किसान जवान संविधान'' सभा में शामिल होंगे। वे शाम 4 बजे राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक लेंगे। शाम 5 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक लेंगे। श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल भी रायपुर आ रहे है। श्री खड़गे शाम को 6 बजे वापस रवाना होंगे।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया नमन

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने आज अपने निवास कार्यालय में स्व. डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया और उनके अतुलनीय योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

### बिक्रम मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मोहाली**। पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच नाभा जेल ले जाया गया है। रविवार को मजीठिया की रिमांड खत्म हुई, जिसके बाद कोर्ट में पेशी हुई। मोहाली कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### फाइटर जेट की मरम्मत के लिए पहुंची इंजीनियरिंग टीम

**तिरुवनंतपुरम**। ब्रिटिश उच्चायोग ने बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। यह लड़ाकू विमान अपने छोटी टेक-ऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की खासियत के लिए जाना जाता है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों के हित में शुल्क माफ किया

**मुंबई**। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने महत्वपूर्ण ग्राहक-हितैषी पहल करते हुए सभी मानक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क को माफ कर दिया है। बैंक ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय पहली जुलाई से लागू माना जाएगा।

# भारत में रोका गया रॉयटर्स का एक्स अकाउंट

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स का एक्स अकाउंट रोक दिया गया है। जब लोग रॉयटर्स का एक्स अकाउंट खोलने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्हें मैसेज दिख रहा है कि यह अकाउंट भारत में कानूनी मांग के तहत रोका गया है। इस मामले पर सरकार ने साफ कहा है कि उसकी तरफ से ऐसा कोई नया आदेश नहीं दिया गया है। भारत सरकार ने कहा कि अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक गलती है। केंद्र सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने के लिए कोई नया आदेश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, कि भारत सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने की कोई मांग नहीं की है। हम एक्स कंपनी के संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जल्द ही यह मामला सुलझ जाएगा। सूत्रों के अनुसार, मई महीने में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में रोकने का आदेश दिया गया था। उस समय कई अकाउंट्स पर रोक लगी थी, लेकिन रॉयटर्स का अकाउंट तब नहीं रोका गया। अब माना जा रहा है कि एक्स कंपनी ने उसी पुराने आदेश को लागू कर दिया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि 7 मई 2024 को जो आदेश दिया गया था, एक्स कंपनी ने उसे अब लागू कर दिया है, जबकि अब उसकी कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने एक्स से इसका कारण पूछा है और कहा है कि जल्द से जल्द रॉयटर्स का अकाउंट वापस चालू किया जाए।

**सरकार का ऐसे किसी भी आदेश से इनकार**

**सिर्फ मुख्य अकाउंट पर रोक**–रॉयटर्स के कुछ अन्य एक्स अकाउंट जैसे रॉयटर्स टेक न्यूज, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना भारत में खुले हुए हैं। सिर्फ मुख्य अकाउंट और रॉयटर्स वर्ल्ड अकाउंट ही भारत में रोक लगी हैं।

**अमरनाथ यात्रा**

# अब तक 21,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रीनगर, 6 जुलाई (एजेंसियां)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पिछले तीन दिनों में करीब 48,000 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की। रविवार को 7,208 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को 21,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि रविवार को 7,208 यात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा, पहला सुरक्षा काफिला तीर्थयात्रियों को उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप ले जा रहा है, जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला यात्रियों को दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप ले जा रहा है। वार्षिक तीर्थयात्रा के मामलों का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के 'भगवती नगर यात्री निवास' आने वाले यात्रियों के अलावा, कई यात्री मौके पर पंजीकरण के लिए सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप में रिपोर्ट कर रहे हैं।

# पार्टी में संघ का हस्तक्षेप बढ़ना भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित होगा : सिंहदेव



**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। मैनपाट में कल से भाजपा विधायकों और सांसदों की तीन दिन 'मास्टर क्लास' होने वाली है।इस प्रशिक्षण शिविर को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर चुने हुए प्रतिनिधि जो मंत्री, सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वह इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। यह बेहद चिंताजनक है। टीएम सिंहदेव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी में अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हस्तक्षेप बढ़ गया है। यही भारतीय जनता पार्टी के लिए आने वाले दिनों में नुकसानदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में वह लोग जा रहे है, जो जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि है।मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हुए हैं। यह एक गंभीर और सोचने वाली बात है। अगर उनको ट्रेनिंग की जरूरत है, तो जनता खुद सोच लें कि छत्तीसगढ़ का क्या हाल होगा।

### पूर्व मंत्री राजेश मूणत का पलटवार



रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत के कांग्रेस को परिवारवादी की जननी बताने वाले बयान पर टीएस सिंहदेव ने पलटवार किया है।उन्होने कहा कि वह अपने (भाजपा) परिवारों को भी देख लें।प्रजातंत्र में वही चुन कर आता है जो काबिल होता है।

# रिटायरमेंट के बाद भी चंद्रचूड़ ने खाली नहीं किया बंगला



**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र**

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायधीश को छह महीने तक टाइप–सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप–आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।चंद्रचूड़ ने पारिवारिक कारण बताया–इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है। मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे।

# पीएम मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील पहुंचे

## 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**रियो डी जेनेरियो**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। गैलेओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री का यह दौरा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर हुआ। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गया हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लूंगा और बाद में राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर उनकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इस यात्रा के दौरान बैठकों और बातचीत के सार्थक दौर की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, ब्रिक्स साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे।



मोदी का पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति से भरे चित्रों से स्वागत किया गया। इस स्वागत में सबसे खास बात 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रस्तुति रही। ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क सहित आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

**भारत–अर्जेंटीना में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमति** –पीएम मोदी अर्जेंटीना से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ व्यापक बातचीत की और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, दवा, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

# हिमाचल में मानसून का कहर जारी

## मंडी और चंबा में बादल फटा, भारी बारिश की चेतावनी

**शिमला**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश का कहर जारी है। मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रविवार सुबह से भारी बारिश का दौर जारी जारी और पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा कांगड़ा जिला के नगरोटा सूरियां में 102 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस बीच प्रदेश के मंडी व चम्बा जिलों में एक–एक घटना बादल फटने की भी सामने आई हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने किन्नौर और लाहौल–स्पीति को छोड़ कर राज्य के बाकी सभी जिलों में अगले 6 घंटो में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का अनुमान** –इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच से छह दिन के दौरान पश्चिमोत्तर, मध्यवर्ती और पूर्वोत्तर भारत में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग ने अगले दो दिन मध्य महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में तेज वर्षा की संभावना जताई है। उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में 11 जुलाई तक मूसलाधार बारिश के आसार हैं। बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई है, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिले में हुआ है। इस त्रासदी के बाद अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत नुकसान और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताने अपने लोकसभा क्षेत्र पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। वह स्थिति का पूरा ब्यौरा केंद्र सरकार को प्रस्तुत करेंगी और राज्य के लिए राहत और फंड की मांग करेंगी।

**राजनीति** | एलन मस्क ने ट्रंप को दिया झटका

# 'अमेरिका पार्टी' नाम से बनाया नया दल

- देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना लक्ष्य

**वाशिंगटन, 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी' का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना है।**

*टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की है। अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है।*

*मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप से वन–पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है।*



*यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क के लिए एक नाटकीय राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो पहले ट्रंप का समर्थन करने वाले सबसे प्रमुख डोनर्स में से एक थे। ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए थे, जो अब एक कानून बन गया है। एलन मस्क पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अगर यह बिल पास होता है, तो अमेरिका में एक नई पार्टी का गठन होगा।*

***मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के आलोचक रहे*** *–नई पार्टी का ऐलान मस्क और ट्रंप के बीच हाई–प्रोफाइल विवाद के बाद हुआ है, जो कभी राजनीतिक सहयोगी रह चुके हैं। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में मस्क के संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान तनाव बढ़ गया था, जहां उन्होंने खर्च में कटौती और फेडरल वर्कफोर्स पॉलिसी में कमी के लिए दबाव डाला, जो ट्रंप के भारी घरेलू बजट से टकराव दर्शाती थी। तब से मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के मुखर आलोचक रहे हैं।*

# चेम्बर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**चेंबर ऑफ कॉमर्स के भवन निर्माण हेतु राज्य मंत्री साहू ने 15 लाख एवं उपमुख्यमंत्री साव ने 25 लाख रुपए देने की घोषणा**

## व्यापारियों की एकजुटता और विकास का संकल्प






**मुंगेली** 06 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जिला इकाई मुंगेली की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू रहे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले, बिल्हा विधानसभा के विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह ठाकुर, भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। शपथ ग्रहण समारोह गणेश जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों को माल्यापर्ण व शॉल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह अवसर केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने डिजिटल व्यापार, पारदर्शिता और स्टार्टअप इंडिया जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि इन पहलों से स्थानीय उद्यमिता को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने अपनाते हुए स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग, ई-कॉमर्स और निर्यात से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा, (हर चेम्बर और हर व्यापारी यदि विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बने, तो देश की अर्थव्यवस्था नई ऊँचाइयों पर पहुंचेगी। मुंगेली जैसे क्षेत्र नवाचार, उत्पादन और निर्यात के केंद्र बनें — यही हमारा लक्ष्य है।) उन्होंने चेम्बर भवन के निर्माण हेतु 15 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली के व्यापारियों की एकता की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग की एकजुटता से ही मुंगेली का समुचित विकास संभव हो पाया है। उन्होंने भी चेम्बर भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की घोषणा की।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने व्यापारियों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि व्यापारी न केवल सरकार को कर देते हैं बल्कि गांव-गांव तक रोजगार, वस्तुएं और सेवाएं पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाएं जैसे आवास योजना, नल-जल योजना आदि व्यापार एवं उद्योग के योगदान से ही संभव हो पाई हैं। उन्होंने भविष्य में मुंगेली को एक भव्य ऑडिटोरियम देने का आश्वासन भी दिया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भी मंच से नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए व्यापारियों के योगदान को सराहा।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम आर्य ने कहा कि चेम्बर हमेशा व्यापारी हित में कार्यरत रहा है। उन्होंने मंच से चेम्बर भवन की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया और इसे मुंगेली व्यापारियों की एक नई पहचान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि व्यापारी सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सतत सहयोगी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु सभी व्यापारियों के प्रति अभाव व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोनी ने किया।

# जब एक हेड कांस्टेबल को खुद की एफआईआर दर्ज करवाने में 70 दिन प्रतीक्षा करनी पड़ी

## आई जी के समक्ष अर्जी लगाने के बाद दर्ज हुई एफ आई आर, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर**, (देशबंधु)। पुलिस विभाग के एक हेड कांस्टेबल को जमीन धोखाधड़ी की शिकायत के बाद एफ आई आर दर्ज करवाने में 70 दिन लग गए। हेड कांस्टेबल ने एफ आई आर नहीं होते देख आई जी के समक्ष अर्जी लगाई तब कहीं जाकर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला कुछ ऐसा है कि सिम्स चौकी में कार्यरत हेड कांस्टेबल प्रकाश दुबे की पुस्तैनी जमीन खमतराई में है । उस जमीन को कुछ लोगों ने कूट रचना कर किसी और को बेच दिया। जानकारी होने पर उक्त हेड कांस्टेबल ने सरकंडा थाने में इसकी शिकायत की लेकिन विभागीय अमला होने के बाद भी सरकंडा पुलिस ने उस पर अपराध कायम नहीं किया। हेड कांस्टेबल ने कार्रवाई नहीं होते देख आईजी के समक्ष अर्जी लगाई तब कहीं जाकर सरकंडा पुलिस ने एफ आर आर दर्ज किया और फिलहाल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

हेड कांस्टेबल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वह प्र. आर. के पद पदस्थ होकर वर्तमान में सिम्स चौकी बिलासपुर में कार्यरत हूं। मेरी पैतृक भूमि, ग्राम खमतराई में पटवारी हल्का नंबर 25, खसरा नंबर 672, रकबा 56 डिसमिल स्थित है। जो मेरे स्व. पिता के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज होकर मेरे हक एवं स्वामित्व में है।

उक्त भूमि को आरोपीगण विक्रेता- भैया लाल सूर्यवंशी पिता स्व बरण सूर्यवंशी उम्र 75 वर्ष, निवासी पचरी घाट जुना बिलासपुर एवं क्रेता- अनुज कुमार मिश्रा पिता भैया मिश्रा उम्र 35 वर्ष, निवासी- राजकिशोर नगर लिगियाडीह थाना सरकंडा , राहुल पटवा पिता रामलाल पटवा निवासी-बलराम टॉकीज के पास राजीव नगर थाना सिविल लाईन , अभिषेक दुबे पिता डा. जे. पी. दूबे, निवासी- गीजांजली पार्क, महर्षि स्कूल रोड मगला थाना सिविल लाईन ने अपराधिक षड्यंत्र पूर्वक, कुट रचित दस्तावेज तैयार कराकर अवैध धन लाभ प्राप्त करने की नियत से मेरे स्व. पिता भैयालाल दुबे के नाम के स्थान पर भैयालाल पिता स्व, शिवचरण सूर्यवंशी नामक व्यक्ति का नाम भू-स्वामी के रूप में राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराकर विजेता के रूप में फर्जी तौर पर भैयालाल सूर्यवंशी को 04.02.2025 को मेरे पैतृक संपति का पंजीयन केता अनुज कुमार मिश्रा के पक्ष में की गयी है। चूंकि मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है एवं उनके स्थान पर अन्य व्यक्ति को भू-स्वामी के रूप में खड़ा कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करायी गयी है। मुझे संदेह है कि इस कृत्य में राजस्व अधिकारीयो की संलिप्ता है इस संबंध में जांच की पाकर कार्यवाही चाहता हूं।

# सार-संक्षेप

## मुंगेली में डॉ श्यामाप्रसाद की जयंती मनाई गई



**मुंगेली** 06 जुलाई (देशबन्धु)। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग पर चलने की अपील की। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की मिसाल कायम की। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि राष्ट उत्थान के लिए डॉ मुखर्जी ने संघर्ष किया और नई पीढ़ी को इस मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। इस अवसर पर गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, दीनानाथ केशरवानी, द्वारिका जायसवाल,किशोरीलाल केशरवानी, कोटूमल दादवानी, मिट्ठूलाल यादव,नारायण शर्मा, मन्नू श्रीवास्तव, विजय यादव,सत्तू सिंह,सचिन यादव आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर** 06 जुलाई (देशबन्धु)। पत्नि के साथ मारपीट कर रहे पति को मारने से रोकने पर ससुर व साले के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजा निवासी कुंवारा बाई टाण्डे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी बेटी रानी टाण्डे के साथ दामाद रविशंकर आए दिन मारपीट करता है 4 जुलाई को उसके दामाद और समधी बेटी के साथ मारपीट कर रहे थे और जब उसका लड़का बचाने गया तो उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट

**तखतपुर** 06 जुलाई (देशबन्धु)। पुराने रंजिश को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सफरीभाठा निवासी ओमप्रकाश प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पुरानी रंजीश को लेकर रघु प्रजापति, भोलू प्रजापति और सुखलाल उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## 4 सटोरिए गिरफ्तार, नगद रकम व मोबाइल जब्त



**मुंगेली,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले में लगातार सट्टा, जुआ व अन्य अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन बाज" के तहत मुंगेली पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस अभियान के अंतर्गत सिटी कोतवाली व लालपुर थाना क्षेत्र से कुल 4 सटोरियों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी कोतवाली से 3 सटोरिए — राजकुमार बंजारा, दीपक साहू और सनत टंडन तथा थाना लालपुर से नरेश लहरे को सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़ा गया। चारों आरोपियों के कब्जे से कुल ?12,380 नगद, अंकलिखित सट्टा-पट्टी, डॉटपेन और 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए।पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक एस. आर. घृतलहरे और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली में 3 प्रकरण और लालपुर थाने में 1 प्रकरण दर्ज किया गया। "ऑपरेशन बाज" के तहत 4 जुलाई को पुलिस, साइबर सेल और थानों की संयुक्त टीम द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर सट्टा गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर छापामार कार्रवाई की गई।

# लगातार बारिश ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, अरपा नदी उफान पर

## गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और बिलासपुर के बीच संपर्क टूटा



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,**06 जुलाई (देशबन्धु)। बीते दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने पूरे जिले सहित आसपास के इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी मानी जाने वाली अरपा नदी इस समय अपने पूरे उफान पर है। पेंड्रा से लेकर बिलासपुर तक अरपा नदी पाटों-पाट बह रही है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है।

बारिश की तीव्रता का असर इतना गंभीर है कि गौरेला, पेंड्रा और मरवाही से बिलासपुर तक पहुंचने वाले सभी प्रमुख मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गए हैं। मुख्य सड़कों पर जलभराव और पुल-पुलियों के ऊपर से बहते पानी के कारण भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है।

### वैकल्पिक मार्ग भी बंद

स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों द्वारा उपयोग में लाया जा रहा वैकल्पिक मार्ग — पीपरखूंटी-मरही माता-खोगसरा होकर बिलासपुर — अब बंद हो चुका है। इस मार्ग पर भी अरपा नदी की सहायक धाराएं पाटों-पाट बह रही हैं, जिससे यहां से भी किसी प्रकार की आवाजाही संभव नहीं रही।

### मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट, और बिगड़ेगी स्थिति

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेताया है कि अगले कुछ घंटों में और तेज बारिश होने की संभावना है, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो सकती है

# बेलसरी से मनियारी पुल तक सड़क गायब, गड्ढे ही गड्ढे



**तखतपुर** 06 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग में बेलसरी से मनियारी पुल तक गड्ढे इतने है कि यात्रीयों को सड़क खोज कर वाहन चलाना पड़ रहा है और इसी फेर में दर्जनों दुर्घटनाएं हो रही है वहीं पचरईया नाला की सफाई नही होने से दूषित पानी घर में घुसकर बिमारियों को नेवता दे रहा है। जिस बारिश का इंतजार किसानों को पिछले एक पखवाड़े से था उस बारिश की शुरूआत बीते दिवस से हुई है दिन रात चौबिसों घंटों हो रही झमाझम बारिश को देखते हुए किसानों के चेहरे खिल गए है अब इस बारिश के बाद रोपा और लेई के काम में गति आयेगी। बारिश की पानी को किसान भी अब अपने खेत में रोपा और लेई के मात्रा में रोककर रखे हुए है और एक दो दिन यदि बारिश रूक गई तब यह धान के पौधों के लिए वरदान साबित होगा।

नगरपालिका क्षेत्र में सड़क का पता नहीट्ठ बेलसरी नाके से मनियारी पुल तक के बीच यात्रियों को सड़क ढुढंना पड़ रहा है गड्ढे इतने है कि वाहन सीधे गड्ढे में जा रहे है पहली बार इस सड़क में गुजरते ही दुर्घटना का शिकार हो रहे है गड्ढे इतने है कि पानी भरा रहता है और वाहन चालकों को समतल नजर आता है परंतु इस गड्ढे में सीधे दूपहिया वाहन के पहिये घुस जा रहे है इन दो दिनों के बारिश में कई वाहन चालक दूर्घटना ग्रस्त हुए है। गर्मी के समय से ही नगरवासी इस सड़क को दूरूस्थ करने की मांग कर रहे है। परंतु इस मांग को अनसुना कर दिए और इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

नाले की सफाई नहीट्ठ नगर के वार्ड क्रमांक 2,4,12,13 एवं 15 से गुजरने वाले पचरईया नाला में जलकुम्भी भरा हुआ है और इन वार्डवासीयों ने नगरपालिका से बारिश के पूर्व ही इसकी साफ सफाई के लिए गुहार लगाई है परंतु इस पर ध्यान नही दिया गया और आज बरसात का पानी इस नाला में जाम हो गया है और इसके कारण बिमारी तो फैलेगा ही इसमें भरा हुआ दूषित पानी लोगों के घर में भी पहुंचेगा और इस पानी से हैजा, डायरिया, उल्टी दस्त जैसे बिमारी भी फैल सकती है। यदि नगरपालिका शीघ्र ही इसकी साफ सफाई नही कराया तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

# बारिश का रेल यातायात पर असर, ट्रेनों की रफ्तार थमी-कई ट्रेनें घंटों देरी से




क्षेत्र में जारी भारी बारिश का असर अब रेल यातायात पर भी दिखने लगा है। बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग से गुजरने वाली कई यात्री ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज जिन प्रमुख ट्रेनों पर बारिश का असर देखा गया, उनमें शामिल हैं- इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस (18233) 01 घंटा 23 मिनट देरी से, शहडोल-बिलासपुर मेमू (68739) 01 घंटा 54 मिनट देरी से, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस (18234) 18 मिनट देरी से,पूरी-वलसाड़ एक्सप्रेस (22910) 03 घंटे 35 मिनट देरी से, शालीमार-भुज एक्सप्रेस (22830) 08 घंटे 24 मिनट देरी से, पूरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 05 घंटे 36 मिनट देरी से चल रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## बारिश की चुनौतियों ...

इसके साथ-साथ ही अव्यवस्था से बचने पुलिस के अधिकारियों से भी बातचीत की।

इस दौरान सचिन पायलट ने सभा को लेकर मीडिया से कहा कि कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। बारिश चुनौती है, लेकिन खड़गे और राहुल गांधी का संदेश जनता तक जरूर पहुंचेगा।

बैठक को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस कैसे चलेगी और आगे की क्या रणनीति होगी यह तय होगा ।इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था किसी से संभल नहीं रही है, और छत्तीसगढ़ की लीडरशिप में खींचतान है। जिस उद्देश्य से जनता ने बीजेपी को चुना वो उस पर खरी नहीं उतर रही है।

## निगम ने सफाई में बाधक 12 पाटों को तोड़ा

**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग और जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन 4 क्षेत्र के अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड में नेताजी होटल चौक के पास कटोरा तालाब में बड़ी नाली के ऊपर कब्जा जमाकर बनाये गए लगभग 12 अवैध पाटों को सफाई कार्य में बाधक होने के कारण जेसीबी मशीन बुलवाकर अवैध पाटों को तोड़ा

## निधन

### श्री रमेश श्रीवास्तव



**मुंगेली।** दाऊपारा निवासी रमेश श्रीवास्तव का रविवार को निधन हो गया है। वो रोहित और स्वाति श्रीवास्तव के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजातीय व स्नेहीजन शामिल हुए।

**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./ 871/ अ.वि.अ./ पं.सा.न्या./ 2025
मालखरौदा, दिनांक 30.06.2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भोज कुमार दर्शन पिता श्री चंद्रकुमार दर्शन एवं अन्य 10 निवासी ग्राम भांटा, तहसील अड़भार, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर ट्रस्ट पता- ग्राम भांटा, तहसील अड़भार, जिल सक्ती (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04(2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं-

-:: अनुसूची ::-

1. पब्लिक ट्रस्ट का नाम :- श्री जगन्नाथ महाप्रभु ट्रस्ट, ग्राम भांटा, तहसील अड़भार, जिला सक्ती (छ.ग.) 2. चल सम्पत्ति, 3. अचल सम्पत्ति।

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/07/2025 को उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**पंजीयक सार्वजनिक न्यास.एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला- सक्ती (छ.ग.)**

एनएमडीसी सीएसआर प्रायोजित शिक्षा कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

एनएमडीसी
NMDC RESPONSIBLE MINING

नि:शुल्क पाठ्यक्रम



बस्तर की 200 आदिवासी छात्राओं को हैदराबाद के प्रमुख संस्थानों में बीएससी (नर्सिंग) और जीएनएम पाठ्यक्रम के लिए प्रायोजित किया जा रहा है

अंतिम तिथि : 9 जुलाई 2025

अपोलो विश्वविद्यालय, चित्तूर के स्वास्थ्य विज्ञान विद्यालय में चिकित्सा पाठ्यक्रम के लिए 90 आदिवासी विद्यार्थियों (लड़कियों के लिए 60% आरक्षित) को प्रायोजित किया जा रहा है



1. आपातकालीन चिकित्सा प्रौद्योगिकी
2. चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी
3. एनेस्थिसियोलॉजी और ऑपरेशन थियेटर प्रौद्योगिकी
4. रीनल डायलिसिस प्रौद्योगिकी
5. इमेजिंग प्रौद्योगिकी
6. चिकित्सक सहायक

अंतिम तिथि : 7 जुलाई 2025

पात्रता मानदंड और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें : https://www.nmdc.co.in//careers

खुशियां बिखेरते हुए एनएमडीसी

# देश

**उवाच** “ हाल के चुनावों में मतदाता सूची और डाले गए वोटों की संख्या में कथित अनियमितताओं पर विपक्ष ने सवाल उठाया है। लेकिन, सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पाई। बिहार में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए, विपक्ष सवाल उठाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

–राज बब्बर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34° | 27° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 27° |
| चेन्नई | 36° | 28° |

# बिहार में महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विफल रही केंद्र सरकार : प्रमोद तिवारी

- कांग्रेस ने भाजपा की घटिया सोच पर केंद्र सरकार को घेरा
- कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से बांटे सैनेटरी पैड्स

**लखनऊ/प्रयागराज,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को कहा कि सैनेटरी पैड्स पर राहुल गांधी की तस्वीर चस्पा कर झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो पोस्ट विपक्षी दल की घटिया सोच को दर्शाता है। कांगेस सांसद ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विफल रही है, इसलिए कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से सैनेटरी पैड्स बांटे।

लेकिन भाजपा की घटिया सोच ने इन पैड्स पर राहुल गांधी की फर्जी फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया, पैड पर कोई फोटो नहीं थी। तिवारी ने इसे एक शर्मनाक, घृणित और घटिया हरकत है, जो भाजपा समर्थकों की मानसिकता को दर्शाता है। पुराने वादों की याद दिलाते हुए तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि दाऊद इब्राहिम को छह महीने में भारत लाएंगे। अब पूछना चाहता हूं, कहां है दाऊद। मसूद अजहर, हाफिज सईद और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों का क्या हुआ। क्या भाजपा सरकार इनके खिलाफ



सैनेटरी पैड्स पर कांग्रेस ने नहीं लगाई राहुल गांधी की तस्वीर, फैलाया गया झूठ : प्रमोद तिवारी

कार्रवाई का कोई ब्योरा दे सकती है। राज्यसभा सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी बयान दिया। भारतीय वायुसेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के समय, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को यह जानकारी दी कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला करेंगे। नतीजा यह हुआ कि हमला केवल आतंकी ठिकानों पर हुआ, आतंकी सब वहां से हट गए। हमारे वीर जवानों की मेहनत का पूरा असर नहीं पड़ा। आखिर सरकार यह बताए कि आतंकी कहां मारे गए, कितने मारे गए और उनके नाम क्या हैं। जो आतंकी मारे गए, उनकी सूची कहां है। उन्होंने कहा कि यह सीधा राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता है और सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए।

## बिहार में तीन सौ गुना अपराध बढ़ा : अखिलेश सिंह



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद राजनीति गर्म हो गई है। कांग्रेस, राजद सहित सभी विपक्षी पार्टियां सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर हमलावर हैं। इस बीच, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि एनडीए ने बिहार, पटना को क्राइम कैपिटल बना दिया है। पटना में एक साल में 116 हत्या हुई है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में 300 गुना क्राइम बढ़ गया है। एनडीए के लोग लगातार लालू यादव की सरकार के लिए जंगलराज की संज्ञा का इस्तेमाल करते थे। आज इस सरकार में 300 गुना क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग शनिवार को भी की थी। दो दिनों के लिए बिहार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए और बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की जानी चाहिए। उप मुख्यमंत्री के अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि सिर्फ बयान देने से कुछ नहीं होगा। गांधी मैदान इलाके में जहां कलेक्टर रहते हों, 50 गज की दूरी पर एसपी बैठते हैं, वहां हत्या हो जाती है। उस घर में इससे पहले गोपाल खेमका के पुत्र की भी हत्या की गई थी। यह दूसरी हत्या है। अब यह सब बकवास नहीं चलने वाला है। सरकार के इस बयान को लोग स्वीकार नहीं करने वाले हैं। इस घटना से पूरा पटना मर्माहत है। गोपाल खेमका केवल एक व्यवसायी नहीं थे, बड़े समाजसेवी थे।

### आधार कार्ड को भी नकार रहा चुनाव आयोग

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शुरू वोटर लिस्ट विवाद पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास आधार कार्ड है और वह किसी क्षेत्र में निवास कर रहा है, तो उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को भी नकार रहा है और नागरिकों से उनकी कुंडली पूछी जा रही है। भाजपा ने खुद संसद में कहा था कि आधार कार्ड भारतीयता का प्रमाण है, तो अब वही प्रमाण मान्य क्यों नहीं है। वहीं, नेहल मोदी की गिरफ्तारी पर भी प्रमोद तिवारी ने सवाल उठाए। जब सीबीआई और ईडी की जांचें चल रही थीं, तब ऐसे अपराधियों को विदेश भागने की छूट किसके इशारे पर मिली।

## राहुल 11 जुलाई को भुवनेश्वर में रैली को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 11 जुलाई को ओडिशा के भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर कांग्रेस पोस्टर जारी किया



■ कांग्रेस ने जारी किया पोस्टर

है। इस रैली में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। गांधी की इस रैली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पोस्टर जारी किया है, जिसमें कहा गया है 'संविधान बचाओ' रैली को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि ओडिशा मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। कांग्रेस विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी रैली में मांझी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार के 'बढ़ते मामलों' को उजागर करेंगे।

## कश्मीर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया यौम-ए-आशूरा

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। कश्मीर में रविवार को धार्मिक उत्साह के साथ 'यौम-ए-आशूरा' मनाया गया तथा पुराने शहर और घाटी के अन्य शिया बहुल क्षेत्रों में जुलजनाह का जुलूस निकाला गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 1400 वर्ष पहले कर्बला की लड़ाई में हजरत इमाम हुसैन, उनके परिवार एवं साथियों की शहादत पर शोक मानाने के लिए पुराने शहर में सबसे बड़ा जुलजनाह जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व वरिष्ठ शिया नेताओं ने किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी श्रीनगर के बोताकादल में जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि मैं हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शांति, प्रेम एवं करुणा के लिए उनका बलिदान हमें समानता एवं सद्भाव पर आधारित



■ जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

समाज का निर्माण करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है। हज़रत इमाम हुसैन ने हमें निस्वार्थ सेवा का संदेश कमजोर लोगों की देखभाल करने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

युवा पीढ़ी को हज़रत इमाम हुसैन के जीवन और गुणों से सीखना चाहिए और उनके द्वारा दिखाए गए नेक मार्ग पर चलना चाहिए। उपराज्यपाल ने शोक मनाने वालों के बीच नाश्ता भी परोसा। श्रीनगर पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर नाका लगाया जहां से जुलूस निकाला गया।

### उमर अब्दुल्ला ने कर्बला के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मुहर्रम के 10वें दिन आशूरा की पूर्व संध्या पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उमर ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन का रुख पीढ़ियों को झूठ के खिलाफ मजबूती से खड़े होने और क्रूर दमन के बावजूद मानवीय गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उनकी विरासत सभी की है, संप्रदायों, क्षेत्रों और युगों से परे। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन द्वारा सन्निहित बलिदान, धैर्य और सच्चाई के मूल्य आज विशेष रूप से प्रासंगिक हैं, जब समाज नैतिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## सार संक्षेप

### मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है। मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं।

### राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ.मोहन यादव जगन्नाथ रथ यात्रा में हुए शामिल


**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने जगन्नाथ के रथ को भी खींचा। डॉ. यादव ग्वालियर के महाराज बाड़े पर हुए इस आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान जनसमुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भक्तों के साथ मिलकर हरे कृष्णा हरे राम की संकीर्तन धुनों में सहभागिता की। रथ यात्रा में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### फडणवीस ने भगवान विट्ठल का लिया आशीर्वाद

**पंढरपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आषाढ़ी एकादशी के शुभ अवसर पर सोलापुर जिले के पंढरपुर में श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य के लिए दिव्य आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भगवान विट्ठल से संकटों पर विजय पाने की शक्ति, सन्मार्ग पर चलने की बुद्धि तथा किसानों की समृद्धि एवं संतुष्टि के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता के साथ नासिक से आए सम्मानित भक्तों कैलास दामू उगले और कल्पना उगले के साथ आधिकारिक महापूजा की। पूजा के बाद श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है। नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह चुनौतियों के मूल्यांकन, सुधार शुरू करने और रक्षा तैयारियों में वित्तीय प्रणाली की भूमिका को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण फोरम के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'रक्षा वित्त तथा अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन' है।



■ रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर होगी चर्चा

## इटावा सफारी पार्क की उत्तर प्रदेश सरकार कर रही अनदेखी : अखिलेश

**लखनऊ/इटावा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब



बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी

■ बजट के अभाव में पार्क का विस्तारीकरण हो रहा बुरी तरह से प्रभावित

हुई थी लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं।

वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं। सफारी प्रबंधन ने लॉयन सफारी में 5 शेरों को छोड़ रखा है। पहले ये एक बाड़े में बंद थे, लेकिन अब इन्हें खुला छोड़ दिया है। अब पर्यटक बंद गाड़ी से यहां घूमेंगे और शेरों को खुले मैदान में देख सकेंगे।

## सिगाची फार्मा विस्फोट में मृतकों की संख्या 42 हुई

**हैदराबाद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची फार्मा कंपनी में मंगलवार को हुए जोरदार विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की रविवार को मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गयी है।

■ लापता लोगों की तलाश जारी

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र की आज मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गई। उसका ध्रुव अस्पताल में इलाज चल रहा था। इससे संबंधित एक घटनाक्रम में, अधिकारियों ने मलबे से बरामद एक और शव की पहचान की है। उस हादसे में लापता नौ व्यक्तियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। राहत और बचाव दल लापता लोगों का पता लगाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

## झारखंड में सरकारी कार्यालय में धूम्रपान करने वाले बाबू पर गिरी निलंबन की गाज



■ मुख्यमंत्री हेमंत बोले, यह सब बर्दाश्त नहीं

**रांची,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड में सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान करने वाले बाबुओं की अब खैर नहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कार्यालय परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सरकार का निर्देश है कि अगर कोई कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाएगा, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक ऐसा ही मामला सामने आने के बाद एक सरकारी जनसेवक जगमोहन सोरेन को सीएम के निर्देश पर रविवार को निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री से निर्देश मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और रविवार को उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को सूचित किया कि जनसेवक जगमोहन सोरेन को झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली- 2016 की कंडिका 9 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त को उनके विरुद्ध विधिवत अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश भी दिया गया है।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले का मामला

यह मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय का है, जहां जनसेवक के पद पर कार्यरत जगमोहन सोरेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में देखा गया कि जगमोहन सोरेन सरकारी कार्यालय में अपनी टेबल पर बैठकर बेफिक्री से सिगरेट पीते हुए धुएं के छल्ले बना रहे हैं। यह वीडियो 5 जुलाई को एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया था और उसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए उसी दिन पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर सूचना देने का निर्देश दिया।

## आणंद में सहकारिता सम्मेलन आयोजित

**आणंद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को आणंद में भव्य सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शाह ने विश्व प्रसिद्ध अमूल डेयरी के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आणंद में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के 60 वर्ष तथा सरदार पटेल की 150वीं जयंती के सफल समन्वय से अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय चार साल में पांच पी-पीपुल्स (सार्वजनिक सेवा केंद्रित), पैक्स (प्राथमिक सहकारी समितियों का सशक्तिकरण), प्लेटफॉर्म (डिजिटल प्लेटफॉर्म), पॉलिसी (नई नीतियां) और प्रॉसपेरिटी (समाज की समृद्धि) के आधार पर काम कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारी गतिविधियों का दायरा विस्तारित हो रहा है।

## बिहार में लालू प्रसाद के गढ़ में जमकर गरजे चिराग पासवान

**पटना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान रविवार को छपरा पहुंचे, जहां उन्होंने राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि राज्य में ऐसी सरकार बननी चाहिए जो लोगों को उनके गांव, शहर और प्रखंड में ही रोजगार उपलब्ध कराए, ताकि उन्हें रोजी-रोटी के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने तेजस्वी यादव और आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2023 में जब राज्य में महागठबंधन की सरकार थी, तब डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री राजद से थे, लेकिन उस दौरान डोमिसाइल नीति की बात क्यों नहीं उठी, जबकि हम तब भी इसकी मांग कर रहे थे। चिराग पासवान ने दावा किया कि उन्हें बार-बार बिहार आने से रोका जाता है, लेकिन अब वह विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिहार में रहकर युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और बुजुर्गों को सुरक्षा देना चाहता हूं। अपने भाषण के दौरान चिराग ने युवाओं से सवाल किया, क्या लोजपा बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भीड़ से जोरदार समर्थन मिलने पर उन्होंने घोषणा की, हां, लड़ेगी और पूरे दमखम से लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पिछली बार की तरह लोजपा के साथ किसी प्रकार का षड्यंत्र होता है, तब भी पार्टी चुनाव मैदान में डटी रहेगी।



■ बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया

**आस्था** भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई श्रद्धा का सैलाब

## बम-बम भोले के जयकारों के साथ पांचवां जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। श्री अमरनाथ यात्रा के 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था रविवार सुबह बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। घाटी में पड़ रही भीषण गर्मी भी भक्तों की आस्था और श्रद्धा को प्रभावित नहीं कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्री 310 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर में अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन सहित 310 वाहनों के बेड़े में 4009 तीर्थयात्री पहलगाम और 3199 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। रोजाना सुबह जम्मू के भगवती नगर से शिव भक्तों को काफिले के तौर पर कड़ी



■ नौ अगस्त को समाप्त होगी पवित्र अमरनाथ यात्रा

सुरक्षा कवर के बीच घाटी लाया जाता है जहां से वह सोनमर्ग और पहलगाम की ओर रवाना होते हैं। 38 दिवसीय तीर्थयात्रा, जो 3 जुलाई को शुरू हुई, 9 अगस्त को समाप्त होगी। दोनों मार्गों पर अतिरिक्त चौकियों, चिकित्सा चौकियों और परिवहन मार्शलों के साथ, अधिकारियों का कहना है कि वे एक सुचारू और सुरक्षित यात्रा सीजन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं। गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। वहीं श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के तीसरे दिन भी बालटाल और नुनवन आधार शिविरों से बाबा बर्फानी के भक्तों का तीसरा जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आधार शिविरों से सुबह करीब पांच बजे भक्तों का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयघोष लगाते हुए पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से करीब साढ़े सात हजार से अधिक यात्री तीसरे दिन गुफा की ओर रवाना हुए। नुनवन आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू करने वाले पुणे से आये पंकज ने कहा कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से यात्रा पर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष मौसम पिछले कई वर्षों की तुलना में गर्म है। उन्होंने कहा कि मौसम चाहे गर्मी हो या सर्दी शिव भक्तों की आस्था किसी भी चीज़ से प्रभावित नहीं हो पाएगी। हम आतंकवादी हमले से नहीं डरे तो बाकी चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि अगर आधिकारिक आंकड़ों की ओर नजर मारें तो अभी तक औपचारिक रूप से पहले दो दिनों में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 26863 है। पहले दिन 3 जुलाई को 12348 और दूसरे दिन 4 जुलाई को 14515 है। वहीं आस्था की ताकत साथ हो तो दिव्यांगता कैसी भी हो, मंजिल तक पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। बाबा बर्फानी का दर्शन करके लौटे दिव्यांग भक्तों को देख कर तो यही अहसास होता है।

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# विपक्ष की ताकत ने लोकतंत्र को बचा लिया

बिहार में चुनाव से पहले लोकतंत्र को कुचलने की बड़ी तैयारी चल रही थी, जिसे विपक्ष ने रोक लिया है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले 25 जून से 26 जुलाई तक मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चुनाव आयोग ने शुरु किया। लेकिन यह फैसला लगातार विवादों में था और विपक्ष इस पर सवाल उठा रहा था कि बिहार में करोड़ों मतदाता आखिर कहां से उन चुनिंदा दस्तावेज को उपलब्ध करा पाएंगे, जिन्हें दिखाने के बाद ही उनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने की शर्त चुनाव आयोग ने रखी थी। अगर ये दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके तो फिर आयोग उन्हें अवैध करार देता। यानी एक साथ करोड़ों लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते, इस पर विपक्ष ने शुरु से कड़ी आपत्ति दर्ज की थी, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की थी। अब विपक्ष की मुहिम रंग लाई है। चुनाव आयोग को अपने इस बड़े फैसले को लगभग पलटना पड़ा है और इसका विज्ञापन बाकायदा अखबारों में दिया गया है। आयोग ने अब कहा है कि जिन 11 दस्तावेज की सूची दी गई थी उनमें से अगर एक भी कागज किसी के पास नहीं है तब भी उसका गणना प्रपत्र यानी एन्यूमरेशन फॉर्म जमा हो सकता है। इससे साफ़ पता चलता है कि चुनाव आयोग ने जो शुरुआती तेवर दिखाए थे वह अब ढीले पड़ चुके हैं। वैसे भी चुनाव आयोग का यह फैसला अटपटा है, क्योंकि हिंदुस्तान में आजादी के बाद से नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और इसके लिए व्यवस्था की गई कि चुनाव आयोग मतदाता के दरवाजे तक जाकर उसे यह अधिकार सौंपेगा। यही असली लोकतंत्र था, लेकिन अब इसमें उल्टी गंगा बहाते हुए चुनाव आयोग ने मतदाता पर ही यह जिम्मेदारी डाल दी कि वह फार्म भरे, दस्तावेज दिखाए और अपने वैध मतदाता होने को साबित करे।

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का आदेश जिस तरह आया और उस पर काम शुरु भी हुआ तो कई सवाल खड़े हो गए। इसे नोटबंदी और लॉकडाउन यानी देशबंदी के बाद वोटबंदी कहा जा रहा था। हालांकि यह केवल शब्दों की तुकबंदी नहीं थी, बल्कि इसके पीछे लोकतंत्र पर पड़ने वाली चोट को लेकर गहरी चिंता थी। भाजपा की आंखों पर तो इस समय सत्ता की पट्टी बंधी हुई है, इसलिए उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि करोड़ों लोग अगर चंद कागजात की वजह से वोट देने का अधिकार खो देते हैं, तो इसका कितना बड़ा नुकसान होगा। भाजपा को यह लगा होगा कि गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े वर्ग के वोट बड़ी संख्या में कटेंगे और उसका नुकसान केवल महागठबंधन को होगा, लेकिन हो सकता है कि दूसरे के लिए खोदे जा रहे गड्ढे में खुद भाजपा भी धंस जाए।

एनडीए में भाजपा के साथी दल भी इस कवायद से होने वाले नुकसान को समझ रहे थे, लेकिन खुल कर कहने की हिम्मत नहीं दिखा रहे थे। खास तौर पर जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं का मानना था कि इस तरह की दस्तावेज की शर्तों से उनके अति पिछड़े और महिला वोटरों पर काफी बुरा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सरकारी कर्मचारी/पेंशनर पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का सर्टिफिकेट, डोमिसाइल, वन अधिकार और ओबीसी, एससी, एसटी प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, पारिवारिक रजिस्टर, और जमीन या मकान आबंटन प्रमाणपत्र इन दस्तावेज के आधार पर वोटर को वैध या अवैध निश्चित करने का फैसला लिया। इसमें कहीं भी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मनरेगा या राशनकार्ड का जिक्र नहीं था। जबकि हिंदुस्तान की कम से कम 90 प्रतिशत आबादी अपनी पहचान बताने के लिए इन्हीं में से किसी एक कागज को दिखाती है। कोरोना वैक्सीन लगवाने से लेकर, स्कूल-कॉलेज में दाखिला, बैंक खाता खोलने, पासपोर्ट बनवाने या हवाईजहाज से सफर करने तक हर जगह पहचान के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशनकार्ड ही दिखाया जाता है। जिन दस्तावेज को रहने, खाने, काम करने, सफर करने, आजीविका के लिए जरूरी माना गया, उनमें से किसी को भी वोट डालने के लिए जरूरी क्यों नही माना गया, यह सवाल भी उठा। अगर चुनाव आयोग किसी को वोट देने के योग्य नहीं मानेगा, तो इसका मतलब है कि वह इन्हें भारत का नागरिक भी नहीं मानेगा। इसमें एक बड़े चुनावी घोटाले की बू आई, जिसके बाद ही विपक्ष ने बड़ी तेजी से इस मसले पर मोर्चा खोला और अब इसमें उसे जीत भी मिली है।

25 जून से लागू हुए इस आदेश में रोजाना की तब्दीलियां हो रही हैं, जो बता रही हैं कि इस फैसले को हड़बड़ी में लिया गया है। ठीक वैसे ही जैसे आधी रात को संसद लगाकर जीएसटी तो लागू की गई थी, फिर रोजाना नियम बदले जाते थे। जब नोटबंदी लागू की गई, उसके बाद भी यही आलम रहा कि बार-बार नियम बदले गए और अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान में भी यही हो रहा है। ताजा बदलाव यही है कि अब दस्तावेज दिखाना ही जरूरी नहीं है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के तेवर कई बार ढीले पड़े हैं लेकिन याद रखने की बात यह है कि अब भी इसने इसमें एक पेच लगा रखा है। चुनाव आयोग के विज्ञापन में यह बात बताई गई है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं तो निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी। इसके ठीक बाद चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा। यानी अब दस्तावेज देना ज़रूरी तो नहीं रहा लेकिन अगर चुनाव आयोग का अधिकारी यह मान ले कि आपको दस्तावेज की जरूरत है तो उसे देना पड़ेगा।

यानी खिलवाड़ की गुंजाइश अब भी है, मगर इस बीच बिहार में 9 जुलाई को मतदाता सूची अपडेशन के खिलाफ चक्काजाम का ऐलान विपक्ष ने किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मामले में तीखे तेवर दिखा रहे हैं। कांग्रेस, राजद, वामदल समेत सारा विपक्ष ताल ठोंक कर मैदान में आ चुका है। तो अब उम्मीद बंध गई है कि बिहार में चुनाव की वो चोरी नहीं हो पाएगी, जिसके आरोप राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में लगाए हैं और बिहार में इसी की आशंका जाहिर की थी।

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अख़बार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अख़बार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अख़बार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी।

तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है।

खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पर्दाफाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आई टी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं?

जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते?

कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल (राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले!

खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अख़बार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कैसे होगा?

बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी।



शकील अख्तर

> भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं।

जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं, दलित महादलित, पिछड़े महापिछड़े हैं, काम करने के लिए बिहार के बाहर गए हुए हैं। आमतौर पर लोग समझ रहे थे कि यह मुस्लिम वोट काटने के लिए है। मगर बिहार की जैसी राजनीति है वहां सत्ता पक्ष ही मुस्लिम वोट काटने नहीं देगा। नीतीश के 20 साल मुख्यमंत्री बने रहने में मुस्लिम वोटों का बड़ा हाथ है। सत्ता पक्ष की दूसरे बड़े नेता चिराग पासवान को भी मुस्लिम वोटों का सहारा है। इसके अलावा जीतनराम मांझी की पार्टी, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी को भी मुस्लिम वोट मिलता है। इसलिए तलवार वहां मुस्लिम पर कम और उन दलित पिछड़े समुदायों पर ज्यादा लटकी है।

जो भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। विदेश नीति की असफलता सबको दिखने लगी है।

ऐसे में बिहार चुनाव मोदी जी के लिए बड़ी परीक्षा है। उसी के लिए यह गहन परीक्षण की स्कीम लाई गई थी मगर अब यह उलटी पड़ गई है। चुनाव आयोग भारी दबाव में है। देखना है कब तक वह अपने फैसले पर कायम रह पाता है। आंशिक शुरूआत तो हो गई है फैसला वापस लेने की। लेकिन विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी से पहले अपने तेवर ढीले नहीं करना चाहिए। तभी उसे इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिल पाएगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन ने भी लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर किया आघात

जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अधीन देश ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनायी, जिसे इंदिरा गांधी ने 1975 में लगाया था। इस अवधि के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, जब कई लोकतांत्रिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गयी थीं, हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था और मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस अवधि को कुछ दलित नेता बहुत अलग तरीके से देखते हैं, जो पिछले दशक में इंदिरा गांधी द्वारा उठाये गये क्रांतिकारी कदमों जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवीपर्स को खत्म करने को याद करते हैं। अब, जबकि बहुत कुछ लिखा जा चुका है, तब उसका नये सिरे से विश्लेषण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उस अवधि की निंदा करते हुए तथा आपातकाल की घटना के विरोध में बलिदान देने वालों की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें 'अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद करने तथा उनका सम्मान करने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने आपातकाल तथा भारतीय संविधान की मूल भावना को नष्ट करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया, एक ऐसा विध्वंस जिसकी शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन तथा सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास से हुई थी।'

भाजपा उस अवधि के 21 महीनों के दौरान अपनी 'महान भूमिका' पर बहुत जोर दे रही है। यह आरएसएस के उन दावों से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि आपातकाल का विरोध करने वाली प्रमुख ताकत वे ही थे परन्तु इसके अधिकांश अन्य दावों की तरह यह दावा भी सत्य के किसी भी तत्व से रहित है।

कुछ गंभीर पत्रकारों के प्रयासों तथा कुछ लोगों द्वारा पुस्तकों की खोज से एक और कहानी सामने आती है। पत्रकारिता के दिग्गजों में से एक प्रभाष जोशी ने लिखा, 'तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने इंदिरा गांधी को एक पत्र लिखकर संजय गांधी के कुख्यात 20सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में मदद करने का वचन दिया था। यह आरएसएस का असली चरित्र है' आप एक कार्यशैली, एक पैटर्न को समझ सकते हैं। आपातकाल के दौरान भी, जेल से बाहर आए आरएसएस और जनसंघ के कई लोगों ने माफ़ीनामा (माफ़ीनामा) दिया। वे सबसे पहले माफ़ी मांगने वाले थे- 'अटल बिहारी वाजपेयी (अधिकांश समय अस्पताल में) थे' लेकिन आरएसएस ने आपातकाल का मुकाबला नहीं किया। तो भाजपा उस स्मृति को अपने नाम करने की कोशिश क्यों कर रही है?' वे निष्कर्ष निकालते हैं कि 'वे कोई लड़ाकू ताकत नहीं हैं, और वे कभी भी लड़ने के लिए उत्सुक नहीं होते हैं। वे मूलरूप से समझौता करने वाले लोग हैं। वे कभी भी वास्तव में सरकार के खिलाफ नहीं होते हैं'।

उत्तर प्रदेश और सिक्किम के राज्यपाल रह चुके टीवी राजेश्वर ने 'इंडिया: द क्रूशियलइयर्स' (हार्परकॉलिन्स द्वारा प्रकाशित) नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें उन्होंने इस तथ्य की पुष्टि की है कि 'न केवल वे (आरएसएस) इस (आपातकाल) के समर्थक थे, बल्कि वे श्रीमती गांधी के अलावा संजय गांधी से भी संपर्क स्थापित करना चाहते थे।'

जबकि कई समाजवादी और कम्युनिस्ट जेल की सजा काट रहे थे, आरएसएस के कार्यकर्ता जेल से रिहा होने के लिए बेचैन थे। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी ने द हिंदू में एक लेख में आपातकाल की कहानी सुनाई जो 13 जून 2000 को प्रकाशित हुई थी। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी को माफी के पत्र लिखकर आपातकाल विरोधी आंदोलन को धोखा दिया। 'महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही में यह रिकॉर्ड पर है कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने पुणे की यरवदा जेल के अंदर से इंदिरा गांधी को कई माफी पत्र लिखे, जिसमें जेपी के नेतृत्व वाले आंदोलन से आरएसएस को अलग कर दिया और कुख्यात 20-सूत्री कार्यक्रम के लिए काम करने की पेशकश की। उन्होंने उनके किसी भी पत्र का उत्तर नहीं दिया।' (भारत को पुनर्जीवित करने के अपने प्रयास में आपातकाल लागू करने को सही ठहराने के लिए कांग्रेस शासन द्वारा 20सूत्री कार्यक्रम और संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम का हवाला दिया जाता है)।

मेरे एक मित्र, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश खैरनार भी इस दौरान जेल में थे। जब उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं को माफ़ीनामे पर हस्ताक्षर करते देखा, तो वे इस विश्वासघात के कृत्य पर क्रोधित हो गये और उनसे भिड़ गये। अपनी शैली के अनुसार उन्होंने कहा कि वे जो कर रहे हैं वह तात्याराव (वीडी सावरकर) द्वारा अपनाये गये मार्ग के अनुसार है। हिंदू राष्ट्रवादियों की रणनीतियों के बारे में यह सच है!


यह भी याद रखें कि जब ए.बी.वाजपेयी को आगरा के पास बटेश्वर में जंगल सत्याग्रह में भाग लेने वाले जुलूस की निगरानी करते समय गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सरकारी भवन से यूनियन जैक को हटा दिया गया था और तिरंगा फहराया गया था। वाजपेयी ने तुरंत एक पत्र लिखा और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से खुद को अलग कर लिया। उन्हें तुरंत रिहाई मिल गयी। इस विचारधारा के अनुयायियों के चरित्रों को प्रभाष जोशी ने अच्छी तरह से चित्रित किया है।

जहां एक ओर उनकी मौखिक भाषा आक्रामक और जोरदार होती है वहीं व्यवहार में वे बिल्कुल अलग होते हैं। जब 1998 में वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार थी, तब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतर महसूस किया था। अब तक मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध कई कार्यकर्ता कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू मानते थे। उनके शासन के इस दौर ने हममें से कई लोगों की आंखें खोल दीं कि भाजपा एक अलग पार्टी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि उस समय भाजपा के पास अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं था।

अब नरेन्द्र मोदी करीब ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के रुप में सत्ता में हैं। 2014 और 2019 में उन्हें पूर्ण बहुमत मिला। इस पूर्ण बहुमत के साथ उनकी साख का असली रंग जोर से सामने आ गया है। जहां एक ओर आपातकाल ने उसे लागू करने वाली नेता इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया, जबकि आपातकाल संविधान के प्रावधानों के तहत था, अब हम नरेन्द्र मोदी का एक 'अघोषित आपातकाल' देख रहे हैं। 2015 में इंडियन एक्सप्रेस के शेखर गुप्ता को दिये गये एक साक्षात्कार में लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था,'आज (उस समय) आपातकाल की घोषणा हुए 40 साल हो चुके हैं। लेकिन पिछले एक साल से भारत में अघोषित आपातकाल चल रहा है।' ('इंडियन एक्सप्रेस' दिनांक 26-27 जून 2015)।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया गया है। सच बोलने की हिम्मत करने वाले कई लोगों को जेल में डाल दिया गया है। धर्म की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। न्याय की जगह बुलडोजर न्याय ले रहा है। लव जिहाद, गोमांस के बहाने अल्पसंख्यकों को डराना-धमकाना और प्रताड़ित करना घृणित है। भीमा कोरेगांव मामले में कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया है। उमर खालिद, गुलफिशा फातिमा जैसे मुस्लिम कार्यकर्ता जेल में बंद हैं, जबकि उनके मामलों की सुनवाई नहीं हो रही है। कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया सरकार की नीतियों की पैरवी करने और असहमति की आवाजों को दबाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।



डॉ. राम पुनियानी

> आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।



## ललित सुरजन की कलम से

### चुनावी हार को जीत में बदलने की तरकीबें

*'चुनाव के दौरान अपने पक्ष में माहौल तो बनाना ही पड़ता है। यह काम भी अब सीधे-सादे तरीके से कोई नहीं करता। अनेक चतुर सुजान अपने दूतों को विरोधी पक्ष के मतदाताओं के पास पठाते हैं। वे जाकर बताते हैं कि उनकी तो हार हो रही है, भैयाजी या नेताजी बात ही नहीं सुनते, इत्यादि। इससे सामने वाले के गफलत में पड़ जाने की संभावना बन जाती है। जब उनके ही लोग हार मान बैठे हैं तो हमें कुछ करने की क्या जरूरत है? हमें तो जनता खुद ही जिता रही है। बस, इसी खुशफहमी में पत्ता साफ। यह तो एक तरकीब है। इससे बढ़कर महीन तरकीब चुनाव पूर्व सर्वे के इस्तेमाल की है। पहले किसी पार्टी या प्रत्याशी की जीत का अनुमान पेश करो, फिर कुछ दिन बाद उस के हारने का अनुमान घोषित कर दो। प्रत्याशी का और उसके पक्षधर मतदाताओं का मनोबल तोड़ने, उन्हें हतोत्साह करने की यह तरकीब कई बार सफलतापूर्वक आजमाई गई है। राजनैतिक दल इन सर्वे करने वालों और उन्हें प्रकाशित-प्रचारित करने वालों का ऐहसान चुकाने में कोई कमी नहीं रखते।'*

**(देशबन्धु में 10 नवंबर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/blog-post_9.html

## आपके पत्र

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का यंत्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यहीं से विवाद आरंभ होता है।

2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी 'परिवर्तनकारी उपयोग' मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया।

इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या?

अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया। ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है— और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं।

**- प्रियंका सौरभ**

## गुरूवाणी विचार

### भक्त कबीरदास

देही गांवा जीओ हर महतौ बसहि पंच किरसाना
नैनू नकह सुवण रसपति इंद्रो कहिआ न माना
बाबा अब न बसहो ऐह गांवो
घड़ी घड़ी का लेखा मांगे काहिथ चेते नांवो।

गुरुवाणी की इन पंक्तियों द्वारा भक्त कबीर दास जी मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमारा यह शरीर मानो एक नगर है और इसमें जो जीवात्मा है वह इस नगर की चौधरी है, मुखिया हैं, लंबरदार है। इस शरीर रूपी नगर में पांच किसान रूपी आंखें, नाक, कान, जीभ और इंद्रिय विरारजमान है। यह पांचों ही किसान अपने मालिक मुखिया का कहना न मानते हुए उसे उलटी ही सलाह देते रहते हैं और अपनी मनमानी करते रहते हैं। चौधरी आंखों को आदेश देता है कि ये मेरे नेत्रों तुम हर वक्त प्रभु परमात्मा का ध्यान लगाया करो।

ये नेत्रों मेरियो हर तुममें जोति, धरी हरि
बिन अवर ने देखो कोई।

नेत्र है कि मुखिया का कहना न मानते हुए अपनी मनमानी करते हैं और प्रभु परमात्मा का ध्यान न लगाते हुए सांसारिक नाटक - चेटकों में टीवी इत्यादि में ही गलतान रहते हैं। कानों को चौधरी कहता है कि प्रभु संकीर्तन सुना करो पर वे ठीक इसके विपरीत पराई निंदा चुगली सुनने में ही मस्त रहते हैं।

ऐ सरवनो मेरियो साचै सुनने नूं पठाये।
सरीर लाये सुनो सत वाणी।।

वह उसे सुनने को तैयार ही नहीं रहते। फिर जीभ को आदेश देता है कि अपने स्वादों में भी हर वक्त मत लगे रहा कर थोड़ा बहुत प्रभु गुण भी बखान कर लिया कर। क्योंकि प्रभु गुण गान करते रहने पर ही तेरा कल्याण हो सकता है पर जीभ भी चौधरी का कहना न मानते हुए मनमानी करती है और सिमरन बंदगी करने से कतराती है। हर तरह के व्यंजनों के स्वाद चखने में ही लगी रहती है। इसी तरह नाक और इंद्रिय चौधरी का कहना न मानते हुए सांसारिक विषय विकारों में ही गलतान रहती है और बुरी संगत में ही फंसी रहती है। इसीलिए भक्त कबीर जी प्रभु परमात्मा से बिनती कर रहे हैं कि ऐ मेरे परमात्मा मैं इस तरह के गांव में नहीं रहना चाहता क्योंकि यहां हर क्षण तो मेरी आज्ञा का उल्लंघन हो रहा है। मैं इस बात को अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे क्षण प्रतिक्षण उल्लंघन हो रहा है। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे कर्मों का लेखा-जोखा धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त जी के द्वारा रखा जा रहा है तो चब ये मेरे किसान पांचों मेरा कहना न मानते हुए उलटा ही काम कर रहे हैं तब मैं आपकी कचहरी में कहां से उजले मुख आ पाऊंगा। इसलिए मैं इस गांव में नहीं रहना चाहता।

प्रभु परमात्मा ने मानुस देही देकर उसके किसी पूर्व जनम के पुण्य फल के कारण इस धरा पर भेजा है अतएव हर इंसान का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी मानव देही पाने का संपूर्ण लाभ उठा ले ताकि वह फिर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सके तभी उसका मानव देही पाना सार्थक हो सकेगा। हमें चाहिए कि इन पांचों इंद्रियों को अपने वश में कर रखें और उन्हें अपनी मर्जी न करने दे। उन पर काबू पाकर प्रभु सिमरन बंदगी में अपना ध्यान लगावें। प्रारंभ में थोंड़ी दिक्कत जरूर आ सकती है पर धीरे-धीरे उन पर काबू पाया जा सकता है और फिर एक बार काबू हो जाने पर रसना समझने लगेगी कि कीरत प्रभु की गावो मेरी रसना।

तुम करो दया मेरे साईं
ऐसी बुद्धि करो परमात्मा
सदा सदा तुध धिआई।।

**-ईंदर सिंह आहुजा**

CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी

5 बिलासपुर

सोमवार, 07 जुलाई 2025

उल्टा पुल्टा

लड़की- आज मेरी शादी है।
अब लौटकर क्यों आए हो यहां?
लड़का- डीजे का आर्डर हमको ही मिला है। काम धंधा छोड़ दे क्या?

# तीन साल पूर्व हिस्ट्री शीटर संजू त्रिपाठी की हत्या करने वाला आरोपी वाराणसी में पकड़ा गया

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। सकरी में क्षेत्र में बिलासपुर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की तीन साल पहले हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने वाराणसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक कट्टा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी ने 3 साल पहले इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने फरार बदमाश के सिर पर 5000 हजार का इनाम रखा है। इस मामले में 21 आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है वहीं कुछ की कोर्ट से जमानत भी हो चुकी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस और एसटीएफ की फील्ड यूनिट टीम ने शुक्रवार की रात फत्तेपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का एक देसी तमंचा, दो कारतूस और 200 रुपये जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ सकरी के अलावा बिहार, नोयडा और वाराणसी में हत्या, लूट, आर्म्स और एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। वाराणसी के बड़ागांव थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम शुक्रवार रात वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान वहां पर वाराणसी एसटीएफ फील्ड यूनिट के एसआइ शहजाद खान की टीम पहुंची। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक इनामी अपराधी इस रास्ते से गुजरने वाला है। इसे देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। टीम ने देखा कि एक व्यक्ति पैदल ही कपसेठी से बड़ागांव की तरफ आ रहा है।

पुलिस के इशारा करने पर वह भागने लगा। उसे घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनय कुमार द्विवेदी ऊर्फ बासू उर्फ गुरुजी बताया। कहा, वह चित्रकूट के मानिकपुर थाना अंतर्गत चमरौहा गांव का निवासी है। उस पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।





### एक लाख के इनामी के बुलाने पर जा रहा था प्रतापगढ़

बिलासपुर जिले के सकरी थाने में हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ पांच हजार का इनाम घोषित किया है। इसी के बाद से वह पुलिस से बचते हुए अलग-अलग जगहों पर रह रहा है। एसटीएफ की पूछताछ में बताया प्रतापगढ़ में एक लाख के इनामी एजाज के बुलाने पर वह वाराणसी आया था।



### पुलिस कर रही थी तीन साल से तलाश

हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की दिसंबर 2022 में सकरी बाइपास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने संजू के भाई कपिल त्रिपाठी, उसके पति जयनारायण त्रिपाठी, कपिल की पत्नी और उसकी मुंहबोली बहन और जीजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कपिल और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच शूटर दानिश अंसारी, पप्पू दाढ़ी, प्रसुन गुप्ता और उसके साथी फरार होने में कामयाब हो गए। कुछ दिन बाद पुलिस ने दानिश अंसारी, पप्पू दाढ़ी और प्रसुन को गिरफ्तार कर लिया था।

### अब तक 21 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

पुलिस ने इस केस में कपिल त्रिपाठी के साथ ही उसके पिता जयनारायण त्रिपाठी, पत्नी सुचित्रा त्रिपाठी, मुंह बोली बहन कल्याणी, जीजा भरत तिवारी आशीष तिवारी, रवि तिवारी रिश्तेदार और उसके सहयोगी दोस्तों में प्रेम श्रीवास, सुमीत निर्मलकर, अमन गुप्ता, राजेंद्र सिंह ठाकुर, केदार सिंह और रवि सिंह के साथ ही उत्तरप्रदेश के वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम कमौली निवासी सावन पाठक (22), उत्तरप्रदेश बनारस के अभिषेक मिश्रा, बनारस निवासी वाल्मिकी उर्फ पप्पू दाढ़ी (38) और ताबिज अंसारी समेत 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### दोस्त को मिल गई है जमानत

हत्याकांड के सहआरोपी रवि सिंह ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई थी, जिसमें बताया कि उसे संजू त्रिपाठी की हत्या की जानकारी नहीं थी। वह रायपुर जाने के लिए निकला था, तभी केदार सिंह का फोन आया और वह साथ ले जाने के लिए बोला। उसने चकरभाठा स्थित किया शो रूम के पास मिलने की बात कही। जब वह शो रूम के पास पहुंचा तो वहां केदार सिंह के साथ कपिल त्रिपाठी भी था। दोनों उसके साथ रायपुर जाने के लिए निकल गए। तब उसे यह नहीं पता था कि संजू त्रिपाठी की हत्या हो गई है और कपिल आरोपी है। पुलिस ने रवि सिंह को बिना किसी आधार के हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने आरोपी रवि सिंह को जमानत दे दी थी।

## संपादकीय

# बच्चों की तरह पालें पेड़ों को

*राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई है जिस पर ईमानदारीपूर्वक अमल किया जाना चाहिये साथ ही इस योजना को प्रदेश भर में लागू करना चाहिये। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ऐलान किया है कि शासकीय अस्पतालों में जन्म लेने पर हर बच्चे के नाम पर माता-पिता को फलदार वृक्षों के पांच पौधे प्रदान किये जाएंगे। अभिभावकों से उम्मीद की जायेगी कि वे इन पौधों का अपने बच्चों की तरह ही पालन-पोषण करेंगे। बच्चे के दुनिया में आगमन को याद रखने का इससे बेहतर और कोई उपाय नहीं हो सकता। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होंगे, उनके आंगन में लगाये गये पेड़ भी बड़े होते जायेंगे जो स्वयं उनके तथा माता-पिता के लिये गौरव व खुशी की बात होगी।*

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण को संरक्षित करने की इच्छा के अनुरूप यह जिला प्रशासन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की मिली-जुली पहल है जिसे 'ग्रीन पालना अभियान' नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के अभियान से सामान्य जनता को भावनात्मक रूप से इससे जोड़ा जा सकेगा। माता-पिता पूरी कोशिश करेंगे कि जैसे वे अपने बच्चे के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने देंगे वैसे ही उन पौधों का भी संरक्षण कर उन्हें बड़ा करेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों में भी पर्यावरण के संवर्धन की भावना पहल जाग्रत होगी। बच्चे जब जानेंगे कि उनके घर-आंगन में लगाए गए पेड़-पौधों का सम्बन्ध उनके जन्म से है तो वे भी उनके संवर्धन में रुचि लेंगे।*

*कोशिश की जानी चाहिये कि सभी 5 पेड़ों को अभिभावक बड़ा करें। इसके लिये पौधों को पर्याप्त व समय पर पानी देने से लेकर उन्हें कीड़ों से बचाने तथा अन्य खाद भी दी जाये। आजकल छोटे से छोटे स्थानों में भी पेड़-पौधे लगाने सम्बन्धी जानकारी, मार्गदर्शन और सामग्रियां सहज उपलब्ध हैं। फलदार पौधों को केवल संरक्षित करने की ज़रूरत होती है। यदि घरों के बाहर उन्हें लगाया गया है तो देखना होगा कि मवेशी चर न जायें। सस्ते ट्री-गार्ड मिलते हैं। कुछ समय के बाद ये पौधे इतने बड़े हो जाते हैं कि उनके पत्तों या फलों तक मवेशी पहुंच नहीं पाते।*

*सरकार फलदार वृक्ष लगाने के कई तरह के प्रयास कर चुकी है जिनमें कुछ में कामयाबी मिली है तो कई अभियान अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाये हैं। पर्यावरण के महत्व को सैद्धांतिक रूप से तो सभी जानते हैं लेकिन जनता का उनसे भावनात्मक सम्बन्ध नहीं बन पाता क्योंकि ऐसे ज्यादातर अभियान सरकार या स्थानीय निकाय चलाते हैं। जनसामान्य की उनमें सीधी भागीदारी नहीं होती। बच्चे के जन्म के साथ पौधारोपण लोगों को जुड़ाव के साथ गौरव और अपनत्व का एहसास कराएगा। राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिये। इससे प्रदेश की हरियाली में निश्चित रूप से इज़ाफ़ा होगा।*

## सार-संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राम्हण विकास मंच ने किया पौधरोपण

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन भगवान श्री परशुराम जी मंदिर परिसर लोखंडी में मासिक बैठक संपन्न हुई । मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती एवं पूजा अर्चना सदस्यों ने की वरिष्ठजनों ने फलदार पौधारोपण किया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अरूण शुक्ल, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव रज्जन अग्निहोत्री इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। पिछले वर्ष मंच द्वारा आयोजित श्रीराधाकृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती रश्मि लता मिश्रा एवं अतिथियों ने पुरस्कृत किया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय,अरूण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, प्रदेश सचिव राजेश पाण्डेय,श्रीमती रश्मि लता मिश्रा,मंच के युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पार्षद अमित तिवारी ने सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शास्वत तिवारी ने किया। सभा में प्रमुख रूप से मंच के संरक्षक गोपाल तिवारी,मनोहर लाल मिश्र,करूणा शंकर अवस्थी, अभिषेक तिवारी,, शशिकांत मिश्र,दिनेश बाजपेयी, जयंत शुक्ल, योगेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी,दिव्य तिवारी,अभिनव त्रिपाठी,मीत तिवारी, कमलेश मिश्र, आशीष दीक्षित,विजय दीक्षित, रूचि तिवारी,पूर्वी शुक्ला, आराध्या शुक्ला, अनिरुद्ध मिश्र,सहित सदस्य गण शामिल रहे।



### सीसल कृषि प्रक्षेत्र में किया गया फलदार पौधों का रोपण

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। कृषि विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शासकीय सीसल प्रक्षेत्र चोरभट्टी बिलासपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान अंतर्गत उप संचालक पीडी हथेश्वर के नेतृत्व में किसानों और विभागीय कर्मचारियों ने 100 पौधे लगाए। प्रमुख रूप से आम, जामुन, अमरूद और आमला के पौधे लगाए गए। उन्होंने इन सभी पौधों की सुरक्षा और नियमित रूप से बड़े आकार में विकसित होते तक देख रेख करते रहने का संकल्प लिया। उप संचालक कृषि बिलासपुर ने आम का पौध रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। कार्यक्रम में श्री अनिल वर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विजय धीरज, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,अभय पाल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं विनोद साहू, ग्रा.कृ.वि.अ.और उपस्थित किसानों व कर्मचारियों ने एक- एक फलदार पौधारोपण किए तथा सभी ने रोपण किए गए पौधों को देख-भाल संरक्षण करके बड़े फलदार वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।



## कोटा क्षेत्र में घुम घूम कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। चेतना अभियान के तहत सभी प्रकार के अपराधों के रोकथाम हेतु कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में प्रार्थिया ने कोटा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 07 जून को अपनी मां के घर बहतराई बिलासपुर गई थी जहां 08 जून को किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर सोने एवं चांदी के आभूषण कुल कीमती 70000 रुपए को चोरी करके ले गया है ।जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ह । इसी क्रम में 05.जुलाई को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि द 19.जून को अज्ञात आरोपी के द्वारा कमरे में रखे सिलाई मशीन कीमती 3500 रुपए को चोरी कर के गया है । रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और टीम गठित कर घटना स्थल पर जाकर गवाहों का कथन एवं आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार पर पतासाजी करने पर आरोपी हीरा सिंह नेताम पिता मुकुंद सिंह नेताम को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जिसमें आरोपी हीरा सिंह नेताम के द्वारा ग्राम भरारी एवं कोटा में चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपी के कब्जे से एक पुराना सिलाई मशीन एवं 1500 रुपए जप्त किया गया है । जिस पर आरोपी हीरा सिंह नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।




उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तोपसिंग नवरंग, सहायक उप निरीक्षक नहारू राम साहू, प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश यादव , आरक्षक 1206 सोमेश्वर साहू का विशेष भूमिका रही।

## सेनानी उत्तराधिकारियों ने अपने पुरखों को किया स्मरण

### स्वराज प्रसाद त्रिवेदी,कुंज बिहारी चौबे की जयंती मनाकर दी श्रद्धांजलि

#### प्रदेश अध्यक्ष ने ज़िला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे को दी नियुक्ति

#### माँ के नाम लगाया नीम का वृक्ष

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा पूरे देश में एक साथ प्रतिमाह प्रथम रविवार को मनाये जाने वाले सेनानियों का स्मरण आयोजन के तहत माह के प्रथम रविवार को जिले के सेनानी उत्तराधिकारियों ने अपने पुरखों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी।

माह जुलाई में जयंती वाले राष्ट्रीय जन चेतना के संवाहन सेनानी स्व स्वराज प्रसाद त्रिवेदी सेनानी स्व. कुंज बिहारी चौबे एवं स्व. राम चरण साहू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल ने कहा कि भारत को बनाने वाले अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों की गाथा वर्तमान पीढ़ी को स्मरण कराने की ज़रूरत है । उन्होंने संगठन निर्माण के तहत सेनानी स्व राम चरण साहू की बेटी डॉ शकुंतला जितपुरे को ज़िला अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा ।कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बतलाया प्रतिमाह प्रथम रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम कार्यक्रम के तहत नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के सदस्य आज अभा स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी परिवार समिति नई दिल्ली के महासचिव जितेंद्र रघुवंशी के निर्देशानुसार नगर के प्रतिष्ठित स्व स्वराज प्रसाद त्रिवेदी(105वीं जयंती)राष्ट्रीय पत्रकार,कवि,साहित्यकार सेनि उपसंचालक सूचना प्रसारण विभाग महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं कुंज बिहारी चौबे(120वीं जयंती)राष्ट्रीय ध्वजारोहण सत्याग्रही,कवि,साहित्यकार एवं भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानी एवं महान विनोबा भावे सेनानी राम चरण साहू इन तीन महापुरुषों की जयंती, पर उनके त्याग बलिदान को स्मरण कर किया गया यह आयोजन स्थानीय अशोक नगर स्थित डॉ शकुंतला जितपुरे के निवास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बतलाया कि उपस्थित सभी साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण,उत्तराधिकारी परिवार जनो को अन्य राज्यों में प्राप्त सुविधाओं के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के लिये चर्चा विचार विमर्श किया गया। नगर विधायक अमर अग्रवाल के प्रयास से घोषणा पत्र में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के स्मरण में सेवा सदन एवं पुराने बस स्टेंड से शिव टाकीज रोड में नव निर्मित गार्डन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन लेख एवं नाम पट्टिका लगाना सुनिश्चित करने की घोषणा का सभी उत्तराधिकारियों ने स्वागत किया । बैठक में नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व राम चरण साहू की पत्नी वीरांगना श्रीमती राम बाई साहू(90वर्ष)प्रदेश अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल का श्रीफल साल से स्वागत किया गया उक्त अवसर पर सेनानी परिवार से चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,डॉ शकुंतला जितपुरे,डॉ रश्मि जितपुरे,डॉ उषा किरण बाजपेयी,डॉ रश्मि बाजपेयी,श्रीमती प्रतिमा शुक्ला,डॉ शिवनाथ श्रीवास,रमेश श्रीवास,डॉ आभा चौबे,सतीश तिवारी,आभांसी तिवारी,तनीषा तिवारी,शिव कुमारी यादव,उर्मिला श्रीवास,राम नारायण पटेल,हेमश्री चौधरी,काव्या चौधरी सहित सेनानी परिवार उपस्थित रहे । अब अगली बैठक 4 अगस्त को सेनानी परिवार के सदस्य बाबा ई रमेंद्रराव के निवास स्थान में होगी।



## कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति डॉ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि-तोखन साहू

### जयंती पर याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद,भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। जनसंघ के संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी के विचार पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया ।पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ मुखर्जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि देकर उनके मूलभूत सिद्धांतों को दोहराया गया बीजेपी के प्रणेता पुरुष माने जाने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को विशेषकर कश्मीर के संदर्भ में याद किया जाता है जिन्होंने अखण्ड राज्य की वकालत करते हुए जीवन पर्यन्त कश्मीर में लागू धारा 370 का विरोध करते हुए एक प्रधान एक निशान और एक विधान का नारा दिया।

आज जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारिश के बीच डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके राष्ट्रवादी सिद्धांतों का अनुकरण करने की शपथ ली।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि इतिहास में ऐसे विरले ही उदाहरण देखने को मिलेंगे जिन्होंने राष्ट्र की अस्मिता के खातिर अपने व्यक्तिगत हितों को नज़र अंदाज किया हो उस समय जब पूरे देश में एक ही पार्टी का बोलबाला था। ऐसी परिस्थितियों में नेहरू सरकार की नीतियों से असहमत होने का आशय अपने राजनीतिक हितों की बलि देना ही था किन्तु डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की परवाह किए बगैर नेहरू सरकार से अलग होने का निर्णय लिया और उद्योग मंत्री के पद से इस्तीफा देते हुए कश्मीर को भारत का अभिभाजित अंग बनाने की मुहिम में लग गए ।वे जीवन पर्यंत पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का विरोध करते रहे कश्मीर में परमिट वीजा का विरोध करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और संदिग्ध परिस्थितियों में जेल के भीतर ही उनकी मृत्यु हो गई परंतु उनके कालजयी स्वर को मृत्यु भी परास्त नहीं कर सकी और यही कारण है कि देश में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार बनते ही 5 अगस्त 2019 को इस अलगाववादी धारा को समाप्त कर दिया गया।



### संविधान विरोधी कांग्रेस की मानसिकता आपातकाल वाली-सुशांत शुक्ला

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि डॉ मुखर्जी आजाद भारत में राष्ट्र हित के खातिर बलिदान देने वाले पहले योद्धा हैं जिन्होंने आपातकाल मानसिकता वाली कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का विरोध करने का साहस किया और यह कारण है कि आज भी उनके मृत्यु पर रहस्यों का पर्दा पड़ा हुआ है आज देश जानना चाहती है कि संविधान की दुहाई देने वाली किस हैसियत से कश्मीर में दो संविधान की वकालत करती है। ।आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए हमे गर्व की अनुभूति होती है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर कश्मीर में उत्पीड़न झेल रहे दलितों वंचितों के हित में आवाज उठाई । जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि देश में जब जब अखण्ड राज्य की बात होगी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हमेशा याद किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### डिप्टी सीएम का काफिला रोक दिया ग्रामीणों ने, जलभराव पर जताई नाराजगी



**कोरबा**–पाली, 06 जुलाई (देशबन्धु)। भूमि पूजन और लोकार्पण करने आज कोरबा प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन व कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के काफिले को रोक कर पाली वासियों ने अपनी समस्या बताई। नगर पंचायत पाली क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने प्रभारी मंत्री पाली पहुंचे थे। मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह एनटीपीसी कावेरी विहार गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुए। इस बीच उनका काफिला पाली में ही नंदलाल होटल के सामने स्थानीय वासियों ने रोक दिया। लोगों ने इस बरसात में भी अपने घरों–दुकानों में पानी भरने की समस्या को लेकर आक्रोश जाहिर करते हुए चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति काफी लंबे समय की समस्या है लेकिन उसके बावजूद जनप्रतिनिधि और ना ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है।

### कोयला राज्य मंत्री से मिले अभय तिवारी



**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। विगत दिनों भारत सरकार के कोयला एवं ख़ान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे का कोरबा स्थित दीपका क्षेत्र में आगमन हुआ। युवा कांग्रेस नेता अभय तिवारी ने मंत्री से मुलाकात कर बताया कि एसईसीएल के चार क्षेत्र कोरबा जिला में स्थापित हैं। इसी कड़ी में मंत्री जी से मुलाक़ात कर उनका अभिनंदन करते हुए कुछ जनहित मुद्दों की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करवाया व उनसे अपेक्षा की कि इन मुद्दों की तरफ एसईसीएल ध्यान देकर जल्द इसपर कार्यवाही करे। मंत्री से आश्वासन मिला व एसईसीएल के उच्च अधिकारी ने भी संज्ञान लिया।

### रामनगर में बेबी कोबरा को किया रेस्क्यू



**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा के रामनगर में एक घर के बेडरूम में 2 बेबी कोबरा एक साथ देखे गए। टीम के सदस्य राजू बर्मन ने मौके पर पहुंचकर बेबी कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि आसपास ही किसी फीमेल कोबरा ने अंडे दिए होंगे। अब इन अंडों से बच्चे निकलने लगे हैं। इसलिए क्षेत्र में सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### मोहर्रम पर लगाए गए पौधे



**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। मोहर्रम पर कोरबा में मुस्लिम समाज के लोगों ने दुरपा रोड कोरबा स्थित मरकजी ईदगाह–कब्रिस्तान में पौधे लगाए। इस मौके पर मेमन जमात के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हाजी नूर मो. आरबी, हाजी मो. इरफ़ान नूर आरबी, मो. नवाज़ नूर आरबी, मो. रफीक मेमन, मो. एजाज मेमन, राज मोहम्मद, मो. मंजर अली, अब्दुल रज्जाक, शेख मंसूर, मो. सरफराज अली, मो. मुशाहिद रजा समेत बड़ी संख्या में आमजन व सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क पर मवेशी के चक्कर में पिकअप ने ठोंका बाइक को, 2 की मौत

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा–अम्बिकापुर नेशनल हाईवे पर शनिवार रात एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि एक युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के पास उस वक्त हुआ, जब ढेलवाडीह गांव के तीन युवक बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, सड़क पर मवेशियों के बैठे होने से तेज रफ्तार पिकअप का बैलेंस बिगड़ गया और बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में अजय यादव 37 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। डायल 112 की टीम ने घायलों को कटघोरा अस्पताल पहुंचाया, जहां सुमित गुप्ता 26 वर्ष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के बाद पिकअप वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हाईवे पर अक्सर मवेशी सड़क पर बैठे रहते हैं, जिसके चलते पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।


### बरपाली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। एमबीबीएस गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. धनंजय राठौर के द्वारा ग्राम बरपाली, ब्लॉक करतला में सोमवार 7 जुलाई को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक यह शिविर संचालित रहेगा। डॉ. धनन्जय राठौर ओम सांई हास्पिटल बरपाली में सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहते हैं। जांच एवं परामर्श का समय प्रातः 8.30 से प्रातः 10 बजे तक होता है।

### श्याम मित्र मंडल का चुनाव 10 को, अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। श्री श्याम मित्र मंडल, कोरबा के होने वाले चुनाव के लिए आज अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता नूतन सिंह ठाकुर के अनुसार श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था जिसमें नाम वापसी के पश्चात गोपाल अग्रवाल और जगदीश सोनी अध्यक्ष पद के लिए अपना भाग्य आजमाएंगे। दूसरी ओर उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और दो सदस्य के पद हेतु एक–एक नामांकन प्राप्त होने एवं सचिव तथा कोषाध्यक्ष की उम्मीदवारी से नाम वापसी के पश्चात सत्यनारायण अग्रवाल को उपाध्यक्ष, महेंद्र अग्रवाल को सचिव,अरविंद सिंघानिया को कोषाध्यक्ष, संजय केडिया को संयुक्त सचिव एवं आलोक अग्रवाल तथा राजकुमार सोनी को सदस्य निर्वाचित किया गया है। बताया गया कि अध्यक्ष पद के लिए 10 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 3 तक मतदान सुनिश्चित किया गया है।

### कायस्थ महासभा के वीरेंद्र बने प्रदेश अध्यक्ष



**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए वीरेंद्र श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव के द्वारा यह नियुक्ति की गई है। संगठन ने अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष से आशा की है कि वह अपनी कार्यकारिणी का गठन करने के साथ राज्य में संगठन का विस्तार करेंगे और भगवान चित्रगुप्त के संदेश को व्यापकता देंगे।

# मैनपाट शिविर आज से, वीआईपी की आवभगत में जुटा प्रशासन

### कामकाज और समन्वय के लिए मिलेगा प्रशिक्षण



**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा ने अपने मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को तीन दिन तक विशेष प्रशिक्षण देना तय किया है। 7 जुलाई से 9 जुलाई तक मैनपाट में प्रशिक्षण शिविर लग रहा है। इसके मद्देनजर कोरबा जिले में रविवार को वीआईपी की लाइन लगी रही। कटघोरा में इनके स्वागत के लिए भाजपा नेता सक्रिय रहे तो व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रशासन व पुलिस के अधिकारी डटे रहे।

भाजपा ने कामकाज की सरलता और जनहितकारी निर्णय को लेकर अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपडेट करना तय किया है। प्रदेश और केंद्र की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, इनके माध्यम से क्षेत्रीय विकास, लोगों के कल्याण और काफी समय से अटके कार्यों को गति देने का काम कैसे हो, प्रशिक्षण शिविर में यही सब बताया जाना है। जनता से संवाद के साथ उनकी बातों को सुनना और फिर निराकरण को लेकर समन्वय बनाना भी इस शिविर का हिस्सा है। समाज जीवन में लंबे समय से सक्रिय और अनुभवी विषय विशेषज्ञ इस शिविर में आवश्यक बिन्दुओं पर मार्गदर्शन देंगे। शिविर के एक दिन पहले अपेक्षित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मैनपाट में दर्ज होना है। इसलिए कोरबा जिले के रास्ते कई वीआईपी सरगुजा जिले के लिए रवाना हुए। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, आरंग विधायक खुशवंत सिंह अपने लाव लश्कर के साथ सरगुजा पहुंचे। कोरबा जिले के कटघोरा से होकर इन्होंने अपना रुख तय किया।

पाली और कटघोरा में भाजपाईयों सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कोरबा जिले की सीमा में विशेष पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी में डेप्लाय की गई ताकि नेशनल हाईवे पर जनप्रतिनिधियों की आवाजाही के दौरान किसी प्रकार की दिक्कतें पेश न आने पाए। याद रहे 7 से 9 जुलाई तक मैनपाट में जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण संपन्न होगा। संभव है कि 9 जुलाई के बाद वीआईपी की वापसी पर इस इलाके में फिर से ऐसी ही व्यस्तता दिखाई देगी।

## 5 वर्ष की सजा मिली नशे के सौदागरों को

### नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे आरोपी

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। ट्रांसपोर्ट नगर नई बस स्टैंड क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने के मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को कोरबा के एनडीपीएस एक्ट स्पेशल कोर्ट ने 5 वर्ष की सजा और 50 हजार की पेनल्टी से दंडित किया है। 3 साल के बाद इस मामले में कोर्ट का निर्णय आया है।



27 अप्रैल 2022 को सीएसईबी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास 2 लोग इंजेक्शन बेचने के लिए घूम रहे हैं। तत्कालीन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में चौकी स्टाफ के साथ दबिश दी गई। नया बस स्टैण्ड में 2 लडके पेन्टाजोसीन लैक्टेट इंजेक्शन रिडॉफ बैग में रखे हुये बेचने हेतु ग्राहक खोज रहे थे। बैग की तालाशी लेने पर कुल 435 नग इंजेक्शन बरामद हुआ। आरोपी पंकज शर्मा पिता नवल शर्मा 38 साल निवासी बैगीनडभार व सुमित बेहरा पिता प्रशांत बेहरा 23 साल निवासी पथर्रीपारा को गिरफ्तार कर 22बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारम्भिक विवेचना उपरांत प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्रीमती गरिमा शर्मा ने दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी पंकज शर्मा व सुमित कुमार बेहरा को धारा 22 बी एनडीपीएस एक्ट में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने की दशा में आरोपी को 06 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## जयंती पर याद किया जनसंघ के संस्थापक को



**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और अखंड भारत के प्रबल संवाहक परम् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती के अवसर पर रविवार को ताप विद्युत गृह परिसर स्थित प्रतिमा स्थल पर भव्य पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी, जिला कोरबा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने अखंड भारत के निर्माण का संकल्प लिया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। कार्यक्रम में मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित अन्य नेताओं ने अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में पूर्व महापौर योगेश लंबा, सतविंदर पाल बग्गा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, प्रकाश अग्रवाल, ज्योति वर्मा, मंडल अध्यक्ष दिलेंद्र यादव, सत्यम दुबे, अर्चना, स्वाति कश्यप, श्रीधर द्विवेदी, लक्ष्मण श्रीवास, जगदीश श्रीवास, सह मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा, मुन्ना साहू, धर्मपाल सोलंकी, मिलाप राम बरेठ सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद और बीज समय पर मिलने से काम बढ़ा खेती-किसानी का

**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। बरसात की पहली फुहारों के साथ खेतों में हरियाली की आस भी लौट आई है। मिट्टी जीवनदायिनी बनी है और किसान अपने सपनों को साकार करने खेतों में जुट गए हैं। इस नए उमंग और उत्साह के पीछे सरकार की वे योजनाएं हैं, जो समय पर और जमीन पर क्रियान्वित हो रही हैं।



छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के किसानों को अब खेती के लिए आवश्यक बीज और उर्वरक न्यूनतम मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आई है और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है। इसी योजना का लाभ उठाया कोरबा जिले के चोरभट्टी गांव के किसान छबिलाल ने, बरसात के ठीक बाद जब खेतों में बुवाई का समय आया, तब वे शासकीय सहकारी समिति, करतला पहुँचे। वहाँ से उन्होंने खरीफ फसल के लिए उन्नत धान बीज, यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक उर्वरक प्राप्त किए। श्री छबिलाल बताते हैं सहकारी समिति में बहुत अच्छा प्रबंध है। किसी प्रकार की भीड़ नहीं थी, स्टाफ ने सहयोगपूर्वक सभी सामग्री उपलब्ध कराई। पहले प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद–बीज लेना पड़ता था, अब सरकार की इस योजना से काफी राहत मिली है। छबिलाल जैसे किसान, जिनकी आय पूरी तरह कृषि पर निर्भर है, इस पहल से बेहद खुश हैं। सरकार ने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी सहकारी समितियों में बीज और उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण पहले ही सुनिश्चित कर लिया है। साथ ही वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। सहकारी समिति, करतला के कर्मचारियों ने बताया हमारा प्रयास है कि कोई भी किसान खाद और बीज की कमी के कारण खेती से वंचित न रहे।

## बारिश के साथ गंदा पानी घुसा कॉलोनी में, बढ़ी परेशानी

### प्रभावित लोगों को आश्रय के साथ भोजन देगी कोयला कंपनी



**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। लगातार दूसरे वर्ष साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपका क्षेत्र स्थित प्रगतिनगर कॉलोनी में हालात बिगाड़ दिए हैं। लगातार बारिश के कारण कॉलोनी के कई आवास में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों के घरेलू सामान खराब हो गए। मौजूदा स्थिति में यहां के कई कर्मी और उनके परिवार बेघर हो गए हैं। मामला तूल ना पकड़े इसलिए फौरी तौर पर प्रबंधन ने प्रभावितों के लिए स्नेह मिलन केंद्र में आश्रय की व्यवस्था की है। वहां उन्हें आवास और भोजन जैसी सुविधा दी जाएगी। स्थानीय रहवासियों ने कॉलोनी में जल निकासी की अस्थायी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी बारिश के साथ परेशानी दोबारा लौट आई है, जिससे कॉलोनीवासियों की चिंता बढ़ गई है। पार्षद अरूणीश तिवारी और अन्य श्रमिक जनप्रतिनिधियों की पहल पर एसईसीएल प्रबंधन ने तात्कालिक राहत के रूप में स्नेह मिलन भवन में रहने और भोजन की व्यवस्था की है। कॉलोनीवासियों को अपील की गई है कि वे अपने परिवार के साथ स्नेह मिलन भवन पहुंचकर राहत सुविधा का लाभ लें। वहां उन्हें निशुल्क भोजन और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है।

## मौसम के रंग से नलों में आ रहा मटमैला पानी

### लोगों को शंका-कहीं बीमार ना कर दे यह पानी

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। बरसात शुरू क्या हुई, कोरबा क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर भी कुछ परेशानियां खड़ी हो गई। सामान्य तौर पर लोगों की यही शिकायत है कि सरकारी व्यवस्था से होने वाली जलापूर्ति के अंतर्गत उनके यहां नलों से स्वच्छ जल नहीं आ रहा है। इसके रंग को लेकर लोगों को शिकायत है।

नगर पालिका निगम कोरबा के द्वारा हसदेव नहर के पानी को फिल्टर करने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति की जाती है। जबकि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का पंप हाउस स्थानीय कॉलोनी में मौजूद है। संबंधित प्रक्रिया को अपनाने के बाद निकाय और उपक्रम के द्वारा विभिन्न कॉलोनी से लेकर बस्तियों में पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। अन्य मौसम में पानी की आपूर्ति को लेकर सब कुछ ठीक रहता है लेकिन बारिश के मौसम में इस बात की शिकायत है कि पानी की गुणवत्ता सही नहीं है और लोग इसे लेकर शिकायत कर रहे हैं। उनकी आपत्ति का आधार पानी का रंग है। लोगों को संशय है कि इस पानी का उपयोग सीधे तौर पर पीने में करें या नहीं। ऐसे लोगों को स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि वह पानी उबाल कर पी सकते हैं। मौसम संबंधी कारण से ऐसा करना उचित हो सकता है।

### बारिश में टर्बडिटी बढ़ने से होती है समस्या

नगर निगम कोरबा में जलप्रदाय विभाग के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि बारिश में कई प्रकार के परिवर्तन जल स्रोतों में होते हैं। बारिश होने पर मिट्टी और अन्य जलीय तत्व बहकर व घुलकर लकर नदी नालों में आते हैं। इस वजह से पानी के रंग में स्वाभाविक रूप से परिवर्तन होता है जिसे टर्बडिटी कहा जाता है। ऐसा होने पर पानी का रंग बदल जाता है और इसे मटमैला कहा जाता है। हम हर हाल में पानी को फिल्टर करने के बाद ही आपूर्ति कर रहे हैं इस बारे में कोई शंका नहीं होना चाहिए।

## कबीर आश्रम के निर्माण के लिए देंगे 10 लाख

### प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण कुमार साव व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन बांकीमोंगरा में आयोजित कबीर प्राकट्य दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने चौका आरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्री साव ने कहा कि कबीर ने सत्य का मार्ग दिखाया है। उनकी वाणी दुनिया में आज भी प्रासंगिक है। उनके अनुयायी देश ही नहीं दुनिया भर में है।




श्री साव ने कबीर आश्रम बांकी मोंगरा में आश्रम भवन निर्माण के लिए 10 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि संत कबीर सर्वव्यापक है। उन्हें दुनिया के लोग मानते हैं। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते में चलना चाहिए। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, पूर्व मंत्री ननकीराम कँवर, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी,निगमायुक्त आशुतोष पांडेय और समाज के अमरूदास महंत, विष्णुदास महंत आदि उपस्थित थे।

## सीतामणी, चिमनीभट्ठा और अमरैय्या में अतिवृष्टि ने बढ़ाई मुश्किलें

**कोरबा**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा नगर निगम क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण कई वार्डों में जलभराव की स्थिति बन गई है। वार्ड नंबर 13 न्यू अमरिया पारा, चिमनीभट्ठा, सीतामणी बस्ती में भारी बारिश से एक बार फिर समस्या पैदा हो गई। बरसाती पानी के साथ–साथ नाली का गंदा पानी आवासीय क्षेत्र में घुस आया। ऐसे में लोगों को पानी की निकासी के लिए मशक्कत करनी पड़ी।



सीतामणी क्षेत्र में वैष्णो दरबार के आसपास की बस्ती बारिश के कारण मुश्किल में है। बताया गया कि बड़ा नाला की सफाई होने के बावजूद बारिश का पानी ओवरफ्लो हो गया और बस्ती को चपेट में ले लिया। वहीं अमरेय्यापारा इलाके में बारिश ने परेशानी खड़ी कर दी। वार्ड पार्षद प्रभा राठौर के मुताबिक, पिछले 10 सालों से इस वार्ड में नाली–नाला और पानी निकासी का कोई काम नहीं हुआ है। वार्ड नंबर 29 मुड़ापार में भी स्थिति गंभीर है। मुड़ापार बस्ती, शांति नगर और रामनगर बस्ती के घरों में नाले का पानी घुस गया है। इससे सांप और कीड़े–मकोड़े भी घरों में प्रवेश कर गए हैं। शहर से लगे रवि शंकर दादर नाला में जल भराव के कारण कई गांव के लोग फंसे हुए हैं। जहां कई किलोमीटर दूरी तय कर शहर आना पड़ रहा है। वहीं कई चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर चालक जान जोखिम में डालकर नाला पार कर रहे हैं। वार्ड पार्षद गोपाल कुर्रे ने बताया कि शांति नगर और रामनगर के बीच बने नाले में पानी निकासी का कोई साधन नहीं है। इस कारण पानी वापस घरों में घुस रहा है। उन्होंने इसकी जानकारी नगर निगम अधिकारियों को दे दी है।

**जलभराव का नहीं हुआ समाधान**

वार्ड नंबर 9 सीतामढ़ी में नाला किनारे के घरों में भी जलभराव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कई सालों से बनी हुई है। वार्ड के पूर्व पार्षद सुफल दास और वर्तमान पार्षद राधा दास पिछले तीन दिनों से घर–घर जाकर लोगों की मदद कर रहे हैं। वे अपने साथियों के साथ मिलकर घरों से पानी निकालने में जुटे हैं।

# बिहार में सुशासन की जरूरत, पूर्वांचल के लोग करें भागीदारी

### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में बोले पूर्व सांसद सुशील कुमार



**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हर तरफ वातावरण निर्माण में लगी हुई है । एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत पूर्वांचल के लोगों से संवाद किया जा रहा है। अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी और बिहार के औरंगाबाद से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कोरबा जिले में अपने कार्यक्रम में पूर्वांचल वासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम आप लोगों ने किया है। उनकी जिम्मेदारी होगी बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका तय करे।

दीपका में अभियान के सहसंयोजक अभिषेक सिंह के निवास पर रविवार को एक कार्यक्रम किया गया। यहां पर पूर्वांचलवासियो की उपस्थिति दर्ज हुई। इसके बाद दूसरा आयोजन कोरबा के राम जानकी मंदिर बुधवारी स्थित महाराणा प्रताप भवन परिसर में हुआ। स्वागत सत्कार के बाद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की पहचान कभी गुंडाराज और कुशासन के रूप में होती थी लेकिन लोगों की इच्छा शक्ति और सरकार के प्रयासों से अब स्थिति बदली है। उन्होंने विकास बिहार में विकास गतिविधियों को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि सड़कों के साथ–साथ संरचना और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सभी को अपनी भागीदारी करने की जरूरत है। सुशील कुमार सिंह का आव्हान था कि कोरबा जिले में बिहार के रहने वाले लोगों को प्रेरित करें ताकि लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति दे सके। आप सभी की कोशिश से बिहार प्रगति के मामले में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने बिहार के सामाजिक और धार्मिक महत्व को लेकर भी अपने विचार रखें।

कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम में अवधेश सिंह, चंद्रमा सिंह, विजय कुमार, उमाशंकर सिंह, अभिषेक सिंह, नरेश पांडेय, संजय शर्मा, अजय पांडे, अप्पू सिंह, अमरेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, राधेश्याम सिंह, विमल सिंह, राधा मोहन सिंह, मिथिलेश सिंह, विमलेश शर्मा, मिंटू शर्मा, अजय सिंह , छोटे सिंह, राजेश शर्मा, पवन सिंह, शास्त्री लाल बहादुर, रणधीर सिंह, राजीव कुमार सिंह, संदीप सिंह सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## सार-संक्षेप



### आशा देखभाल गृह में लायंस क्लब मिड टाउन ने बाटे छाते और रेनकोट

**लायन संजय रतेरिया के सौजन्य से गौशाला में गौ सेवकों को दिया गया रेनकोट**

**रायगढ़** 06 जुलाई (देशबन्धु)। नगर की समाजसेवी संस्था लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन ने बरसात के मौसम को देखते हुए। आशा प्रसामक देखभाल गृह बाजिनपली में छाता और रेनकोट का वितरण किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल (ओमी) ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए क्लब द्वारा छत और रेनकोट का वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम के संयोजक लायन अलकेश श्रीवास्तव और लायन श्रीकांत पाण्डय थे। केंद्र की संचालिका जस्सी फिलिप्स ने सभी लायंस सदस्यों को साधुवाद दिया।

लायंस क्लब मिटाउन के वरिष्ठ सदस्य लायन संजय रतेरिया के सौजन्य से चक्रधर गौशाला में गौ सेवकों को रेनकोट वितरण किया गया। गौ माता की सेवा करने वाले इन सेवकों को बरसात से बचने के लिए यह क्लब एक छोटा प्रयास था। रेनकोट पाकर गौशाला के सेवक बहुत ही खुश हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद अग्रवाल (अजंता),आनंद बेरीवाल,राजेश अग्रवाल (आर.डी.एस),सुभाष अग्रवाल (चिराग),संजय रतेरिया,संजय अग्रवाल (कार्ड),अलकेश श्रीवास्तव,शिव शंकर अग्रवाल,प्रकाश निगानिया,प्रकाश ज्योति सेल्स,अरुण अग्रवाल सहित बड़ी संख्या लायन सदस्य उपस्थित थे।

**वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ आज**

लायन प्रकाश निगानिया ने बताया कि लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाउन की 1 जुलाई से नई कार्यकारिणी लगातार सेवा के कार्यों में लगी है। इस वर्ष लायन ओम प्रकाश अग्रवाल (ओमी) को अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। सत्र के प्रारंभ से ही क्लब की गतिविधियां प्रारंभ हो गई थी। ओमी अग्रवाल अपनी टीम के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। रविवार को लायंस क्लब,रामदास द्रौपदी फाउंडेशन और नगर निगम रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 11 हजार वृक्ष लगने का लक्ष्य रखा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रायगढ़ महापौर,निगम सभापति और निगम आयुक्त द्वारा रविवार को सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखा कर किया जाएगा।

### भारत माता इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**सारंगढ़**,06 जुलाई (देशबन्धु)। भारत माता इंटरनेशनल स्कूल, सालर में विद्यालय का प्रथम स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक हरिराम पटेल , दुर्गेश्वरी पटेल , घनश्याम पटेल , मीना पटेल , महेंद्र पटेल तथा समस्त पटेल परिवार की उपस्थिति समारोह को गौरवपूर्ण बना रही थी।

कार्यक्रम की शुभ शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के अंग्रेज़ी माध्यम के प्राचार्य दीपक जायसवाल एवं हिंदी माध्यम के प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद थूरिया ने की।इस शुभ अवसर पर विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेज़ी माध्यम में सर्वप्रथम प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के पालकों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ङ्क गीत, नृत्य, भाषण एवं नाटक ने उपस्थित सभी जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की अब तक की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की भी सुंदर प्रस्तुति दी गई।

### अनुसूचित जनजाति की महिला किसानों को 2-2 दुधारु गाय दिए जाने जिलों से पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत



**सारंगढ़**,06 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब आदिवासी जिलों में गाय बांटने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति की महिला किसानों को 2-2 दुधारु गाय दिए जाएंगे। फिलहाल यह योजना पायलेट प्रोजेक्ट में रूप में 6 जिलों से शुरुआत की जा रही है, जिसमें सारंगढ-बिलाईगढ़, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव,महासमुंद, जिला शामिल है। उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पांडेय ने जिले के आदिवासी महिलाओं को इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी और कहा कि वे इसका लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में 45 हितग्राही का चयन हो गया है। हितग्रहियों ने अपना अंशदान जमा कर वे ऋण के लिए बैंक में दस्तावेज जमा किए हैं,इन्हे जल्द ही गायों का वितरण किया जाएगा।

### आराधना फाउंडेशन के द्वारा शोकाकुल परिवार को दिया गया आर्थिक सहायता

**सारंगढ़**,06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के अंतर्गत आने वाले



ग्राम पंचायत कपिस्दा अ के सदस्य शत्रुघन साहू एवं कोंदा साहू का आकस्मिक निधन हो गया। इसके बारे में खबर लगते ही आराधना फाउंडेशन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दुखद समय में उनके परिजनों को घर जाकर उन्हें 2100 - 2100 रुपए का सहायता राशि प्रदान किया।इस दौरान ग्राम पंचायत कपिस्दा %अ% के सरपंच पदुम साहू, एन. जी. ओ. मित्र श्रीमती चिंतकुंवर राव, रामेश्वरी राव, सर्कल ऑफिसर कृष्णा प्रेमी, कृष्णा महिलाने एवं फूलमत कोशले और संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर इन्द्रजीत मनहर उपस्थित रहे।

# चिरमिरी क्षेत्र में कच्ची शराब और गांजा का गोरखधंधा बेखौफ फल फूल रहा

## नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन

**चिरमिरी**,06 जुलाई (देशबन्धु)। चिरमिरी क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जिससे युवा पीढ़ी और समाज दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं. इस अवैध धंधे को रोकने के लिए प्रशासन और आबकारी विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उनकी निष्क्रियता के कारण ये कारोबार फल फूल रहा है. अवैध कारोबारी बेखौफ होकर धंधा कर रहे हैं. स्थानीय लोगों की माने तो चिरमिरी के आबकारी सर्किल ऑफिसर क्षेत्र में शायद ही कभी नजर आते हैं, जिनसे शिकायत करके भी कोई फायदा नहीं होने वाला है.



अगर प्रशासन और विभाग समय रहते ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो चिरमिरी क्षेत्र के हालात और बिगड़ सकते हैं.अवैध कच्ची शराब का यह कारोबार युवाओं और समाज के भविष्य को बर्बाद करने पर आमादा है.

इसलिए, प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और इस अवैध धंधे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए.स्थानीय प्रशासन और जिला आबकारी विभाग की कार्रवाई पर अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या चिरमिरी क्षेत्र कभी कच्ची शराब के टैग से मुक्त हो पाएगा.

**कार्रवाई के बाद भी समस्या का समाधान नहीं**

पुलिस विभाग समय-समय पर कार्यवाही तो करता है, लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं हो पाया है. आबकारी विभाग की सुस्ती के कारण अवैध कारोबारी और अधिक सक्रिय हो गए हैं. महुआ की कच्ची शराब में नशीले और खतरनाक केमिकल मिलाकर बेचा जा रहा है, जिससे लोग नशे के आदी बन रहे हैं.साथ ही जगह जगह गांजे की पुड़िया भी बिक्री कुछ लोग कर रहे हैं,जिसके कारण साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा हो रही है.

**कच्ची शराब का अवैध कारोबार**

हमारे मोहल्ले में हर दिन कच्ची शराब बिकती है.युवा बर्बाद हो रहे हैं, और प्रशासन कुछ नहीं कर रहा- रजत, स्थानीय निवासी इस मामले में जब हमने जानकारी अधिकारी तक पहुंचाई तो हमें भी आश्वासन ही मिला. जिला आबकारी अधिकारी शशिकला पैकरा ने आश्वासन दिया है कि वे इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही ठोस कदम उठाएंगे.

## रायगढ़ पुलिस के विशेष सीसीटीवी अभियान से जुड़कर युवक संघ ने रामनिवास चौक पर लगाए आधुनिक कैमरे

**रायगढ़** 06 जुलाई (देशबन्धु)। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा जुलाई माह में विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत व्यापारियों और आम नागरिकों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा कम से कम एक कैमरे का फोकस मुख्य मार्ग पर रखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



शहर में सुरक्षा जागरूकता लगातार बढ़ रही है और आमजन के साथ ही शहर के जागरूक नागरिक भी पुलिस की इस पहल में सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में एमआईसी सदस्य एवं युवक संघ रायगढ़ के सक्रिय सदस्य सुरेश गोयल द्वारा युवक संघ के माध्यम से शहर के व्यस्ततम रामनिवास चैक पर चार आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनका कवरेज चैक के चारों दिशाओं में रहेगा।

श्री गोयल ने बताया कि रामनिवास चैक पर पूर्व में लगे कैमरे तकनीकी रूप से पुराने हो चुके थे। कल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान की जानकारी दिए जाने के बाद उन्होंने इस चैक पर नए कैमरे लगाने की पहल की। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ती भीड़-भाड़ और यातायात को देखते हुए चैक-चैराहों पर प्रभावी निगरानी आवश्यक है। श्री गोयल ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि सभी अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी अवश्य लगाएं और कम से कम एक कैमरे का फोकस सड़क या सार्वजनिक स्थल की दिशा में रखें, ताकि अपराधियों पर नजर रखी जा सके और शहर में हर नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।

## मारपीट के फरार आरोपी ओड़िशा से गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त चाकू व स्कूटी बरामद, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**

**रायगढ़** 06 जुलाई (देशबन्धु)। थाना कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी शिवम यादव को ओड़िशा के झारसुगुड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू और स्कूटी जब्त की गई है।



घटना 11 मई की है, जब प्रार्थी छलिया चैहान पिता रोहित चैहान उम्र 32 वर्ष निवासी गेजामुड़ा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि वह अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल से ससुराल ढिमरापुर चैक हनुमान गली रायगढ़ से संजीवनी अस्पताल लेकर जा रहा था। शाम करीब 6 बजे सुभाष चैक स्थित गुरुद्वारा के पास आरोपी शिवम यादव स्कूटी से सामने आकर उसकी मोटरसाइकिल के सामने स्कूटी अड़ाकर रास्ता रोक दिया। आरोपी ने पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और जेब से फोल्ड वाला धारदार चाकू निकाल कर हमला कर दिया। प्रार्थी द्वारा रोकने पर आरोपी ने गले और सिर पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया।

घटना पर थाना कोतवाली में धारा 296, 351(2), 118(1), 126(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी शिवम यादव की पतासाजी की गई, जो घटना के बाद से अपने घर चैकीपारा, झारसुगुड़ा (ओड़िशा) से फरार था।

मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस टीम झारसुगुड़ा पहुंची, जहां दबिश देने पर जानकारी मिली कि आरोपी ग्राम भठली, ओड़िशा में केटरिंग कार्य कर रहा है। तत्काल पुलिस टीम ग्राम भठली पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी शिवम यादव पिता स्व. रंजीत यादव उम्र 35 वर्ष निवासी चैकीपारा, थाना झंडा चैक, जिला झारसुगुड़ा (ओड़िशा) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू और स्कूटी अपने जूते दुकान से निकाल कर पुलिस के समक्ष पेश किया, जिसे विधिवत जब्त किया गया।



## धार्मिक उत्साह के साथ एनटीपीसी लारा में भगवान जगन्नाथ की पवित्र बाहुडा यात्रा निकाली गई

रायगढ़ 06 जुलाई (देशबन्धु)। एनटीपीसी लारा में 5 जुलाई को मैत्री नगर में धार्मिक उत्साह के बाहुडा यात्रा आयोजित किया गया । भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के अपने जन्मस्थान में नौ दिनों के प्रवास के बाद, बहुदा यात्रा में श्री मंदिर को लौट आए। तीनों देवता जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा गुंडिचा मंदिर में 07 दिन प्रवास के बाद तीनों देवता सुसज्जित रथ में विराजमान होकर मंत्रोच्चारण के साथ श्री मंदिर की ओर प्रस्थान किए। धार्मिक परंपरा के अनुसार एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार द्वारा छेरा पहरा (रथ की सफाई) किया गया। अनुष्ठान पूरा होने के बाद श्री गुंडिचा मंदिर से श्री मंदिर तक रथ खींचने की शुरुआत की गई। बड़ी संख्या में कर्मचारी और ग्रामीण हर्षोल्लास और धार्मिक आस्थाओं के साथ रथ खींचने के लिए उमड़े। कल तीनों देवताओं को स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित कर सुना वेष अनुष्ठान किया जाएगा उसके अगले दिन भगबान रत्ना सिंहाशन में श्रधुलुओं को दर्शन देंगे।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया वर्षा ऋतु उत्सव

**नन्हे-मुन्नों ने रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच नृत्य कर लोगो का मोहा मन**

**चिरमिरी**,06 जुलाई (देशबन्धु)। ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं द्वारा वर्षा ऋतु उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से केजी-2 तक के सभी छात्र-छात्राओं ने इस रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया। बच्चों ने वर्षा ऋतु से संबंधित गतिविधियों में हिस्सा लिया और रिमझिम फुहारों के बीच नृत्य का भरपूर आनंद उठाया,कार्यक्रम की श्रृंखला में केजी-1 की कक्षा अध्यापिका श्रीमती रश्मि सोनी ने बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह मौसम हमें प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करना सिखाता है। इस दौरान उन्होंने वर्षा ऋतु में उपयोग होने वाली वस्तुओं जैसे रेनकोट, छतरी, गम बूट्स आदि की जानकारी भी दी। बच्चों ने रंग-बिरंगे रेनकोट और छतरियों के साथ वर्षा गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम की थीम 'लिसन टू द रिदम ऑफ़ द फॉलिंग रेन' रखी गई थी, जिसके अंतर्गत शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न कक्षा-आधारित गतिविधियां भी संचालित की गईं। बच्चों ने मिट्टी की सौंधी खुशबू, हरियाली और प्रकृति की सुंदरता का अनुभव करते हुए रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु उत्सव केवल खेलने-कूदने का अवसर नहीं, बल्कि प्रकृति की सुंदरता और ऋतुओं के महत्व को समझने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस मौसम की बूंदें हमें धैर्य, प्रसन्नता और प्रकृति से प्रेम करना सिखाती हैं। बच्चों ने अपनी मुस्कुराहटों, ऊर्जा और कलात्मक प्रस्तुतियों से इस आयोजन को अद्वितीय बना दिया,इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने शिक्षिकाओं और अभिभावकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग की भावना और सृजनात्मकता विकसित करते हैं। उन्होंने प्री-प्राइमरी शिक्षिकाओं श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती अलविना कंडोथ, सुश्री कुसुम तिवारी एवं समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में वरिष्ठ हिंदी शिक्षिका सुश्री नीरू सिंह द्वारा रचित बाल साहित्य 'बंदर की बारात' का विमोचन विद्यालय प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा किया गया, जो बाल पाठकों के लिए एक रोचक एवं शिक्षाप्रद पुस्तक है,अंत में, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं ऋतुजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला भी रहा।

# रायगढ़ पुलिस के कार्यों की अग्रवाल सभा ने की तारीफ

**चोरी और अपराधों पर नियंत्रित करने पर भी बधाई**

**रायगढ़** 06 जुलाई (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज रायगढ़ की समस्त संस्थाओं एवं पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा चक्रधर नगर स्थित पुलिस कंट्रोल कक्ष में उपस्थित रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, सिटी कोतवाली प्रभारी सुखनंदन पटेल तथा चक्रधर नगर थाना प्रभारी अमित शुक्ला का परंपरागत रूप से पुष्प गुच्छ, शाल, अग्रसेन पटका इत्यादि से भावभीना स्वागत, अभिनंदन कर साधुवाद ज्ञापित किया गया।

आयोजन के मुख्य सुत्रधार अग्रवाल मित्र सभा रायगढ़ एवं संभागीय अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों सोनिया नगर रायगढ़ में अग्रवाल समाज रायगढ़ के प्रमुख सदस्य अनूप अग्रवाल के मकान में करीब 44 लाख की चोरी का रायगढ़ पुलिस की पूरी टीम द्वारा चोरी की घटना का पूरी तरह से पर्दाफास करते हुए न केवल अपराधियों को चिन्हित कर लिया है, बल्कि चोरी हुई अधिकांश बहूमूल्य सामग्री को भी बरामद कर लिया है। रायगढ़ पुलिस की कार्यशैली एवं तत्परता से प्रभावित होकर स्वागत, अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापन के रूप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सदस्यों के परिचय सत्र के उपरांत चोरी की घटना के शिकार हुए अनूप अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती श्यामा अग्रवाल ने भी भावुक होकर रायगढ़ पुलिस प्रशासन का विशेष आभार जताते हुए अपने तरफ से स्वेच्छा से 51 हजार रूपये की नगद राशि बतौर इनाम देने की घोषणा की, जिसे पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के सुझाव को मानते हुए उक्त राशि से रायगढ़ के किसी महत्वपूर्ण चैक में सीसी टीवी कैमरा स्थापित करने हेतु अपनी सहमती दी जिसका उपस्थित सदन ने तालियां बजाकर अपना समर्थन दिया।



उपरोक्त कार्यक्रम में अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़ के कार्यवाहक अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेन्ध्रा, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मित्तल कलानोरिया, मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल सत्तू, अखिलेश जगतरामका, जय भगवान अग्रवाल कोतरा रोड, गौ सेवक महादेव प्रसाद अग्रवाल, अग्रोहा धाम चेरिटी ट्रस्ट से दीपक डोरा, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ ईकाई के चेयरमेन संतोष अग्रवाल रेडक्रास, लायन आनंद बेरीवाल, लायन सुभाष अग्रवाल चिराग, अग्रवाल संगठन छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष कमल मित्तल, अपना घर से बजरंग मित्तल बीके, सरस्वती शिशु मंदिर से गोपाल कृष्ण अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल अग्रवाल चीकू, कांग्रेस के जिला महामंत्री सौरभ अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल लक्ष्मीपुर, रोटेरियन महेश अग्रवाल, सुभाष चैक व्यापारी संघ से नरेन्द्र रतेरिया, अग्रवाल मित्र सभा रायगढ़ से रतन लाल केडिया, लायन राजेश बेरीवाल, शिव अग्रवाल लालटंकी, लायन शिव तायल, कार्यालय मंत्री राजेश अग्रवाल गणेश मंदिर, रोशन लाल अग्रवाल बालाजी मिक्चर, सन्नी अग्रवाल नारियल, मनोज अग्रवाल श्रेष्ठा होटल, पवन अग्रवाल कुडुमकेला, राजेन्द्र अग्रवाल तुलसी, मनोज मिरानिया एडव्होकेट, लायन्स क्लब मिड टाउन रायगढ़ के अध्यक्ष लायन ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव लायन अमित मोदी एडव्होकेट, चेम्बर ऑफ कामर्स से अनिल कुमार गर्ग, बीएनआई अल्फा से अवंत अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल स्वस्तिक एजेंसी, ऋषभ अग्रवाल सुभाष चैक, सजन कुमार अग्रवाल श्री इंटिरियो, बजरंग दल से अभितेष गर्ग, सुभाष अग्रवाल, विश्व हिन्दु परिषद से बजरंग अग्रवाल जूटमिल, मीडिया से रमेश अग्रवाल, लायन प्रकाश निगानिया, दीपेश अग्रवाल एवं कमल शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पुलिस विभाग द्वारा उपस्थित सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन देवकी रामधारी फाउंडेशन के चेयरमेन दीपक डोरा ने किया, आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी बाबूलाल अग्रवाल एडव्होकेट ने करते हुए पुलिस विभाग रायगढ़ को आश्वस्त किया की रायगढ़ का समग्र अग्रवाल समाज पुलिस विभाग की प्रत्येक मुहिम में हमेशा साथ रहेगा।

## सार-संक्षेप



## मालखरौदा में दहेज मुक्त विवाह और आध्यात्मिक सत्संग का सफल आयोजन

**मालखरौदा**,06 जुलाई (देशबन्धु)। मालखरौद में 6जुलाई को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। यह सत्संग प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। सत्संग के उपरांत, एक अनोखा और प्रेरणादायक दहेज मुक्त विवाह भी संपन्न हुआ, जिसे देखने के लिए हजारों लोग शामिल हुए ।

सत्संग के बाद, संत रामपाल महाराज के तत्वज्ञान से प्रेरित होकर भक्त भूपेंद्र दास महंत और बहन श्रद्धा महंत ने दहेज मुक्त विवाह करके संत के इस मिशन में भागीदार बने। यह विवाह बिना किसी फिजूलखर्ची और दहेज के, मात्र 17 मिनट की गुरुवाणी के माध्यम से अत्यंत साधारण तरीके से संपन्न हुआ। इस विवाह को संत भाषा में रमैणी कहा जाता है जिसकी विशेषता यह है कि इसमें न दहेज दिया जाता है और न ही कोई दिखावा होता है। यह अत्यंत साधारण वस्त्रों में होती है, जो समाज में दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संत रामपाल महाराज का उद्देश्य %बेटा बेटी एक समान% के नारे को यथार्थ के धरातल पर स्थापित करना है। इसी कारण उन्होंने दहेज जैसी प्रथा का समूलनाश करने के लिए विवाह की इस सादगीपूर्ण विधि को समाज को दिया है, जो वास्तव में सराहनीय है। इस कार्यक्रम में भक्त चंद्रमोहन दास महंत अमीचंद साहू राजकुमार गबेल मनहरन चंद्रा मनोज चंद्रा भरत लाल यादव मनहरन चंद्रा राजेंद्र चंद्रा, भक्त होरिलाल चंद्रा दीनबंधु निराला वीरेन्द्र पटेल देवेन्द्र कुमार देवांगन जागृत दास महंत एवं बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## सक्ती की दो बेटियां बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट

**सक्ती,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। पूरे देश भर में चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की फाइनल परीक्षा के घोषित परीक्षा परिणामो में शक्ति शहर की दो बेटियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में सफलता हासिल की है। इनमें प्राची बंसल, अंजली अग्रवाल शामिल हैं। इन दोनों को विभिन्न क्षेत्रों से बधाई का सिलसिला जारी है। प्राची सक्ती शहर की प्रतिष्ठित फर्म बृजलाल श्यामलाल अग्रवाल के संचालक दिनेश बंसल एवं श्रीमती ऋतु बंसल की सुपुत्री तथा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई-सक्ती के अध्यक्ष मुकेश बंसल की भतीजी है। सुश्री प्राची बंसल की सफलता पर कोरबा की समाज सेविका श्रीमती भगवती अग्रवाल ने भी उन्हें बधाई दी हैं। प्राची की बहन भी शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी की टॉपर का गौरव हासिल कर चुकी है। प्राची के पिता दिनेश बंसल एवं माता श्रीमती रितु बंसल में कहा है कि उनकी बेटी राष्ट्र की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान देगी। इसी तरह सक्ती के प्रतिष्ठित फर्म हटरी चौक निवासी बृजलाल दीपक कुमार (बोरा वाले) के संचालक दीपक कुमार निगानिया की भांजी सुश्री अंजलि अग्रवाल सुपुत्री मुकेश अग्रवाल एवं माता श्रीमती बबली अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता अर्जित कर पूरे नगर को गौरवांनित किया है। अंजलि अग्रवाल की सफलता पर परिजनों व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।




## ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने उड़ाए 19 लाख, निलंबित

**जांजगीर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। 19 लाख रुपए गबन के आरोप में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। जांच में सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा को शासकीय धन राशि गबन किए जाने के आरोप के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) जिला सक्ती के विरूद्ध कार्यालय आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के द्वारा शासकीय कृषि बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र रगजा में शासकीय धन राशि गबन किए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत के जांच के लिए दल गठित कर जांच कराया गया। जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट प्रक्षेत्र रगजा द्वारा 12 लाख 67 हजार 518 रुपए का हेराफेरी कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किए जाने एवं 6 हजार हेक्टेयर पड़त भूमि छोडने वाले नुकसान की उत्पादन औसत राशि 6 लाख 33 हजार 473 रुपए सहित कुल 19 लाख 991 रुपए का गबन किए जाने के आरोप में 26 जून को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया। जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। इसलिए पुनीशंकर केंवट प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता का देय होगा। निलंबन अवधि में इनके मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती नियत किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।

## नाबालिग से अनाचार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

**जांजगीर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र से संबंधित एक गंभीर प्रकरण में न्यायालय द्वारा जानकारी सार्वजनिक की गई है, जिसमें एक नाबालिग बालिका के अपहरण एवं अनाचार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इसके तथ्य जनहित में उजागर किए जाने की अनुमति दी है। न्यायालय से प्राप्त विवरण के अनुसार, आरोपी सुनील मनहर (25 वर्ष), निवासी ग्राम रसौटा, थाना पामगढ़ द्वारा एक नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया था। यह घटना दिनांक 28 जून 2024 को घटित हुई, जब बालिका घर से लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पामगढ़ थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। लगभग एक वर्ष की सतत प्रयासों के पश्चात, पामगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बालिका आरोपी के साथ रसौटा गांव में है। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया तथा बालिका को सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने यह स्वीकार किया कि उसने बालिका को शादी का झांसा देकर अपने साथ हैदराबाद ले जाकर वहां उसके साथ जबरन अनाचार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376(2)(ढ) भा.दं.वि. एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 04 व 06 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा, सउनि संतोष बंजारे, महिला प्र.आर. मंजू सिंह, महिला आरक्षक अंजीमा बंजारे, आरक्षक यशवंत पाटले सहित थाना पामगढ़ पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में धूल खा रही करोड़ों की मशीनें

## गरीब मरीजों को निजी पैथोलैब की चौखट चूमनी पड़ रही, मोक्षित कंपनी की मशीनें उपयोग से बाहर

जांजगीर, 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले सहित प्रदेश के कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में करोड़ों की लागत से खरीदी गई जांच मशीनें उपयोग के अभाव में बंद पड़ी हैं और धीरे-धीरे खराब होती जा रही हैं। कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मोक्षित नामक कंपनी से सीबीसी मशीन, बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र और यूरिन एनालाइज़र जैसी महत्वपूर्ण जांच मशीनें खरीदी गई थीं, जिनका उपयोग अब लगभग पूरी तरह बंद हो गया है।

वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा इस खरीद प्रक्रिया और संबंधित केमिकल्स की जांच कराई जा रही है। जांच के चलते मोक्षित कंपनी को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप कंपनी ने नवंबर-दिसंबर 2024 में मशीनों को लॉक कर दिया, जिससे यह सभी मशीनें अनुपयोगी हो गईं। इन मशीनों के बंद होने का सीधा असर आमजन, विशेषकर गरीब वर्ग पर पड़ा है, जिन्हें अब वही जांच निजी लैबों में महंगे दामों पर करवानी पड़ रही है। यह विषय विधानसभा में भी उठाया गया है।




### कौन-कौन सी मशीनें और क्या था उनका उपयोग

सीबीसी मशीन- इससे हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स, डब्ल्यूबीसी जैसी रक्त की प्रारंभिक जांचें की जाती थीं। शासकीय अस्पतालों में यह जांच मात्र 100 रू में होती थी, जबकि निजी लैबों में 200 से 300 तक लिए जा रहे हैं।

बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र -इस मशीन से किडनी, लीवर, यकृत संबंधी रोगों की जांच होती है। सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच महज 1.50 में होती थी, जबकि निजी लैबों में 600 तक लिए जा रहे हैं। यूरिन एनालाइज़र-यह मशीन मूत्र संबंधित रोगों की जांच करती है। सरकारी अस्पतालों में यह जांच 30 रू में होती थी, लेकिन अब निजी पैथोलैब में इसके लिए 150 रू तक वसूले जा रहे हैं।

### गरीब हो रहे परेशान

जांच के नाम पर मशीनों का बंद होना और नई वैकल्पिक व्यवस्था न होना शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। जब तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं होती और कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक स्वास्थ्य केंद्रों की ये मशीनें धूल खा रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जांच पूरी होने तक ये मशीनें सुरक्षित रहेंगी? और यदि मोक्षित कंपनी पर प्रतिबंध लगाया गया है, तो क्या इन्हीं मशीनों के समकक्ष नई मशीनें अन्य कंपनी से जल्द खरीदी जाएंगी?

# भाजपा नगर मंडल चांपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

### लछनपुर में वृक्षारोपण व संगोष्ठी का आयोजन

चांपा, 06 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चांपा के तत्वावधान में पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती नगर के सभी शक्तिकेंद्रों व बूथों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इसी कड़ी में शक्तिकेंद्र बसंतपुर के ग्राम लछनपुर में जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लछनपुर में वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर की गई। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण मात्र एक कर्म नहीं, बल्कि संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी है। जिस प्रकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में जनसंघ की स्थापना कर विचारों की खेती की, वैसे ही हमें पौधों की भी देखरेख करनी होगी। संगोष्ठी में जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने डॉ. मुखर्जी के प्रसिद्ध आदर्श वाक्य एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे को उद्धृत करते हुए कहा कि वे देश की अखंडता और एकता के प्रतीक थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर अपने मंत्रीपद से इस्तीफा देकर यह साबित किया कि विचार संगठन से ऊपर होते हैं। भाजपा नेता पवन पाठक ने डॉ. मुखर्जी की शिक्षा-दीक्षा पर प्रकाश डाला, वहीं नंद कुमार देवांगन ने उनके सपनों के भारत पर विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जिस ऊंचाई पर है, वह विचारों की लड़ाई का परिणाम है, न कि सत्ता की लालसा का। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच गेंदराम कुर्रे ने किया तथा अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पीतांबर अग्रवाल, नरेंद्र ताम्रकार, रामभरोस केवट, रामनारायण केवट, साधराम यादव, कमल साहू, ललितराम कुर्रे, सोनू यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# राइस मिलों की मनमानी से त्रस्त ग्रामीण, राखड़ ने छीना चैन

### बनाहिल क्षेत्र में उड़ रही चिमनी की राख

**जांजगीर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। अकलतरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाहिल के झलमला मार्ग पर संचालित उसना और अरवा राइस मिलों से निकलने वाली चिमनी की राखड़ ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। भाटापारा मोहल्ला समेत आसपास के कई घरों में राख इस कदर फैल चुकी है कि आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। भोजन, कपड़े, बच्चों के खिलौने तक राख से काले पड़ रहे हैं, जिससे लोगों का घर में रहना भी दूभर हो गया है।

ग्रामवासियों का कहना है कि वे बीते कई महीनों से इस समस्या को लेकर प्रशासन से शिकायत कर रहे हैं। दिनांक 24 जून 2025 को ग्राम पंचायत सरपंच ने कलेक्टर को लिखित में शिकायत सौंपी थी, जिसके आधार पर पटवारी द्वारा जांच प्रतिवेदन भी तैयार किया गया। इसके बावजूद न तो राइस मिलों की गतिविधियों पर रोक लगी, न ही चिमनियों से निकलने वाली राखड़ में कोई कमी आई। गांववालों ने आरोप लगाया है कि सरपंच द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद से मिल संचालकों ने मिल की गतिविधियां और तेज कर दी हैं। अब और अधिक मात्रा में राख उड़कर मोहल्लों और घरों में प्रवेश कर रही है। भाटापारा मोहल्ले में स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है, राख सीधे शरीर और आंखों में गिर रही है, जिससे त्वचा रोग और नेत्र जलन जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं।



### संरक्षण का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

गांव के सरपंच और जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी से यह प्रतीत होता है कि राइस मिल संचालकों को कहीं न कहीं से संरक्षण प्राप्त है। अब तक किसी भी मिल मालिक पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# जिले में शिक्षक युक्तिकरण में दोहरी नीति से आक्रोश

### नवागढ़ का नियम सही या बलौदा का?

**जांजगीर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। शिक्षकों की युक्तिकरण (री-डिप्लॉयमेंट) प्रक्रिया को लेकर जिले में गंभीर असंतोष और असमंजस की स्थिति बन गई है। विकासखंडवार अलग-अलग मानक अपनाने से यह प्रक्रिया पारदर्शिता की कसौटी पर खरी नहीं उतर रही है, जिससे शिक्षकों में आक्रोश फैलता जा रहा है।




विकासखंड नवागढ़ में कला संकाय में कार्यरत शिक्षकों को उसी संकाय में युक्तियुक्त किया गया है, वहीं बलौदा, अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक में ऐसे ही कला संकाय के शिक्षकों को उनके स्नातक विषय के आधार पर हिंदी विषय में सम्मिलित कर दिया गया है। इस दोहरे मानक को लेकर शिक्षकों द्वारा दर्ज आपत्ति पत्र (अभ्यावेदन) को संयुक्त संचालक, शिक्षा (जेडी), बिलासपुर ने खारिज करते हुए बलौदा की प्रक्रिया को सही ठहराया है। इससे यह सवाल उठता है कि यदि नवागढ़ की प्रक्रिया सही है, तो फिर बलौदा, बम्हनीडीह और अकलतरा की सूचियाँ त्रुटिपूर्ण हैं।

और यदि बलौदा की प्रक्रिया सही मानी गई, तो नवागढ़ में नियमों का उल्लंघन हुआ है। इस असंगति का सीधा प्रभाव यह है कि कई शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जबकि जिले में ही 109 पद रिक्त हैं। बावजूद इसके, इन शिक्षकों को मुंगेली जैसे बाहरी जिलों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

### शिक्षकों की प्रमुख माँगें

अतिशेष शिक्षकों की वर्तमान सूची को तत्काल निरस्त किया जाए। युक्तिकरण प्रक्रिया में एक समान नियम जिले भर में लागू किए जाएं। जिले के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाए। शिक्षकों को अनावश्यक रूप से दूसरे जिलों में पदस्थ न किया जाए।।

# 108 एंबुलेंस सेवा पिछले सात-आठ माह से पड़ी है बंद

### घायलों व आपातकालीन मरीजों को करना पड़ रहा है भारी परेशानी का सामना

**अकलतरा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। अकलतरा क्षेत्र में आम लोगों को राहत देने वाली 108 एंबुलेंस सेवा पिछले सात-आठ माह से बंद पड़ी हुई है, जिससे गंभीर घायलों व आपातकालीन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में जरुरत पड़ने पर बलौदा से एंबुलेंस मंगानी पड़ती है, जिससे समय पर उपचार न मिल पाने के कारण कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है।




स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार 108 नंबर पर कॉल करने पर एंबुलेंस आती ही नहीं है। मजबूरन मरीजों को निजी खर्च पर अस्पताल ले जाना पड़ता है। विदित हो कि 108 एंबुलेंस में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, ऑक्सीजन सपोर्ट, मरहम-पट्टी सहित एक प्रशिक्षित नर्स, वार्ड ब्वॉय और आयुष से प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था होती है। यह सेवा न केवल निकटवर्ती अस्पतालों तक पहुंचाती है, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर जिला अस्पताल तक भी ले जाती है, जिससे कई गंभीर घायलों की जान बच जाती है।

### 112 सेवा पर बढ़ा दबाव

108 सेवा के बंद होने के चलते अब लोग मदद के लिए 112 को कॉल कर रहे हैं। हालांकि 112 टीम मौके पर पहुंचकर सहायता कर रही है, परंतु उनके पास चिकित्सकीय सुविधा नहीं होने के कारण गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाता। साथ ही, 112 टीम का दायित्व मुख्य रूप से पुलिसिंग से जुड़ा हुआ होता है ङ्क जैसे कि झगड़ा-फसाद, महिला सुरक्षा आदि। इस कारण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 112 पर निर्भर रहना व्यावहारिक समाधान नहीं है। 112 पर बढ़ते दबाव के कारण अब उनकी मूल कार्यक्षमता भी प्रभावित हो रही है। न तो वे गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला अस्पताल तक ले जा पा रहे हैं, और न ही प्राथमिक चिकित्सा दे पा रहे हैं।

# बीच सड़क खड़े ट्रेलरों पर पुलिस की कार्रवाई

### पांच वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार

**जांजगीर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए नेशनल हाईवे पर बीच सड़क में लापरवाहीपूर्वक खड़े किए गए भारी वाहनों पर बड़ी कार्रवाई की है। हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान 5 ऐसे ट्रेलर वाहनों को चिन्हित कर जप्त कर लिया गया, जिन्हें चालकों ने बिना किसी संकेतक या सुरक्षा के बीच रास्ते में खड़ा कर दिया था। सभी चालकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।




इस कार्रवाई का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार ने किया। थाना अकलतरा एवं थाना जांजगीर की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई नेशनल हाईवे क्षेत्र में अंजाम दी गई, जहां भारी ट्रैफिक के बीच इस प्रकार खड़े वाहन आमजन की जान जोखिम में डाल रहे थे। इस विशेष कार्रवाई में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी (थाना प्रभारी, जांजगीर), निरीक्षक मणिकांत पांडे (थाना प्रभारी, अकलतरा) के साथ-साथ हाईवे पेट्रोलिंग में ड्यूटी पर तैनात प्रआर. राजेश शर्मा, आरक्षक उमेश वैष्णव, शंकर सोनू, अभिषेक राठौर, दीपक राठौर और दीपक खरसान का विशेष योगदान रहा।

### सड़क पर हादसे की आशंका

हाईवे पेट्रोलिंग टीम को कई बार ऐसे वाहनों की शिकायतें मिल रही थीं जो अचानक बीच सड़क में खड़े हो जाते हैं, जिससे वाहन चालकों की दृश्यता बाधित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे ही पांच ट्रेलर, जिनके चालक बिना किसी अनुमति, संकेतक या सुरक्षा उपायों के अपनी गाड़ियाँ खड़ी कर फरार थे, उन्हें पुलिस ने जप्त किया।

### पुलिस अधीक्षक ने दी चेतावनी

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण लाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई जिलेभर में निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे बिना किसी वैध कारण अथवा संकेतक के सड़क पर वाहन खड़ा न करें। ऐसा करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि दूसरों की जान जोखिम में डालने जैसा गंभीर अपराध भी है।

# सभा की तैयारी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने की बैठक

### 7 जुलाई की सभा को सफल बनाने जुटे नेता

**जांजगीर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी 7 जुलाई को राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने जा रही किसान-जवान-संविधान सभा की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई। इस सभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

सभा की तैयारी और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी आशीष सिंह ठाकुर ने जांजगीर जिले के वर्तमान व पूर्व विधायकों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं,जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं से इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिकाधिक संख्या में रायपुर पहुंचकर सहभागिता निभाने की अपील की गई। बैठक में अकलतरा विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से जिलेभर के कांग्रेसजन और आमजनों से अपील की कि वे लोकतंत्र, किसान और जवान के समर्थन में आयोजित इस सभा में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएं। नेताओं ने इसे संविधान की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर एकजुटता दिखाने का अवसर बताया और कहा कि यह सभा प्रदेश में राजनीतिक चेतना को नई दिशा प्रदान करेगी।

# देश विदेश

## एफ-35बी फाइटर जेट की मरम्मत के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पहुंची यूके की टीम

**तिरुवनंतपुरम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटिश उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। इस मामले में ताजा अपडेट देते हुए एक ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गई है। यह टीम ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन करेगी और उसकी मरम्मत करेगी। इस जेट को इमरजेंसी में यहां उतारा गया था।

# अमेरिका में बाढ़ से 49 लोगों की मौत, कई लापता

**ह्यूस्टन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 49 लोगों की मौत हुई है और कई लोग लापता हैं। कई क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केर काउंटी में शुक्रवार सुबह मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने से 28 वयस्कों और 15 बच्चों सहित कम से कम 43 लोगों की मौत हो गई। काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने यह जानकारी दी। केरविले के सिटी मैनेजर डाल्टन राइस ने बताया कि 27 अन्य बच्चे अभी भी लापता हैं, जिनमें से अधिकांश कैंप मिस्टिक के हैं। यह ग्वाडालूप नदी के किनारे इसाइयों का एक निजी ग्रीष्मकालीन शिविर है। इस शिविर में आमतौर पर हर साल लगभग 750 बच्चे आते हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरे दिन सैकड़ों लोगों को इन शिविरों से बचाते रहे हैं।

**पूर्वानुमान में वर्षा की मात्रा को कम करके आंका था**

स्थानीय प्रसारक केएक्सएओ-टीवी ने काउंटी के जज एंडी ब्राउन के हवाले से बताया कि ट्रैविस काउंटी में चार लोगों की मौत हुई है और 13 अन्य लापता बताए गए हैं। बर्नेट काउंटी में शनिवार को अपराह्न तक बचाव कार्य जारी था। शेरिफ कार्यालय ने दो मौतों की पुष्टि की और कहा कि दो अन्य लापता हैं। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने शनिवार को मध्य टेक्सास में छह और काउंटियों को शामिल करने के लिए एक विस्तारित आपदा घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसके बाद बाढ़ से प्रभावित कुल काउंटियों की संख्या 20 हो गई। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यू ) के अनुसार केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी का जल स्तर शुक्रवार सुबह केवल तीन घंटे के भीतर 7.5 फीट (2.3 मीटर) से बढ़कर 29.5 फीट (9 मीटर) हो गया, जो रिकॉर्ड पर दूसरे सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। टेक्सास डिवीजन ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट के प्रमुख निम किड ने कहा कि मौसम विभाग के पहले के पूर्वानुमान में क्षेत्र में भयावह बाढ़ में योगदान देने वाली वर्षा की मात्रा को कम



## पाकिस्तान में बारिश व बाढ़ से 66 लोगों की मौत, 127 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 26 जून से मूसलाधार की बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 66 लोगों की मौत हुई है और 127 अन्य घायल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को पिछले दो दिनों में बारिश से संबंधित घटनाओं में दो और मौतों तथा 10 अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी दी। एनडीएमए के अनुसार सबसे ज्यादा मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में हुई है। इस राज्य में 11 बच्चों सहित 24 लोगों की जान चली गई। इनमें से 14 लोग पिछले सप्ताह स्वात घाटी में आई अचानक बाढ़ में बह गए। पंजाब में भारी बारिश के कारण घर ढहने और अचानक आई बाढ़ में 11 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हुई है। वहीं, सिंध में 15 लोगों की मौत की खबर है, जबकि बलूचिस्तान में पांच लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू- कश्मीर में भी तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में कई क्षेत्रों में और अधिक बारिश और आंधी-तूफान का अनुमान लगाया है।

## अफ़गानिस्तान में बाढ़ से दो बच्चों की मौत, भारी तबाही



**काबुल।** अफ़गानिस्तान के नांगरहार प्रांत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई और बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। मूसलाधार बारिश के कारण देश के पूर्वी क्षेत्र में तबाही का मंज़र देखने को मिला है। सूचना और संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बदलॉन ने संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने कई जिलों को प्रभावित किया है, जहां कम से कम 280 घर बह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा से इस क्षेत्र की कृषि भूमि को गंभीर नुकसान हुआ है और लगभग 5,000 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। अधिकारी के अनुसार, हताहतों की संख्या और नुकसान की सीमा बढ़ सकती है। नुकसान का पता लगाने और प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के लिए आकलन दल भेजे गए हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 7 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। दुर्घटना से बचें।

मकर - आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ - आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन - आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद पहली बार नजर आए खामेनेई

**तेहरान,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल के 12 दिन तक चले संघर्ष और फिर युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को पहली बार जनता के सामने आए। खामेनेई ने धार्मिक कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज कराई।

इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर 24 जून को हो गया था, लेकिन 86 साल के खामेनेई लंबे वक्त तक सामने नहीं आए थे। जब मुहर्रम के जुलूस में उन्हें देखा गया, तो समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस बीच खामेनेई ने हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, खामेनेई ने जनता की उम्मीदों के मुताबिक मंच से उन्हें कोई संदेश नहीं दिया।

यहां नमाजियों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। यह शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। खामेनेई इस समारोह के दौरान काले रंग के कपड़ों में नजर आए। समारोह में उपस्थित लोगों ने इस दौरान लब्बैक या हुसैन के नारे लगाए। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, अयातुल्ला अली खामेनेई की सार्वजनिक तौर पर मौजूदगी उनके आत्मविश्वास को दर्शाती है, जो उनके विरोधियों के लिए एक संदेश भी है। इस मौजूदगी के साथ खामेनेई ने संदेश दिया है कि संघर्ष के बावजूद ईरान स्थिर और सक्रिय है।



■ **24 जून को इजरायल-ईरान के बीच हो गया था सीजफायर**

ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद खामेनेई के सिर्फ वीडियो और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट ही सामने आए थे। ऐसे में खामेनेई को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे थे। माना जा रहा था कि खामेनेई दोनों देशों के बीच संघर्ष के दौरान बंकर में थे। इस बीच उन्होंने रिकॉर्डेड वीडियो संदेश के जरिए ही जनता से संवाद किया था। ईरानी प्रशासन बार-बार खामेनेई के स्वस्थ होने का दावा करता रहा। ईरान की न्यायपालिका के अनुसार इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले इस संघर्ष में 900 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अमेरिका की ओर से किए गए हमलों से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को काफी नुकसान पहुंचा है।

## ईरान में इंटरनेट संचार बड़ी रुकावट के बाद बहाल

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट सेवा एक बड़ी रुकावट के बाद बहाल हो गई है। नेटब्लॉक इंटरनेट निगरानी सेवा की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने इंटरनेट सेवा बाधित होने का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

नेटब्लॉक ने रविवार रात को बताया कि ईरान में इंटरनेट कनेक्शन में गंभीर व्यवधान दर्ज किया गया था। नेटब्लॉक ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि ईरान में राष्ट्रव्यापी व्यवधान के बाद इंटरनेट सेवा को बड़े पैमाने पर बहाल कर दिया गया है, अधिकारियों ने कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है। नेटब्लॉक के अनुसार, पूरे देश में लगभग दो घंटे तक इंटरनेट सेवा बाधित रही। जून के अंत में इस्लामिक गणराज्य ईरान के कई क्षेत्रों में निवासियों ने बताया था कि ईरान पर इजरायली हमलों के कारण देश में इंटरनेट सेवा को सीमित कर दिया गया था लेकिन बाद में वैश्विक इंटरनेट तक लोगों की पहुंच को बहाल किया जाने लगा।

## ब्राजील में प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति रही खास

**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय प्रवासी ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया।

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे पीएम मोदी का पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति से भरे चित्रों से स्वागत किया गया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस स्वागत में सबसे खास बात 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रस्तुति रही। यह भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक निर्णायक अभियान पर आधारित प्रस्तुति थी, जिसे नृत्य और चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत पेंटिंग और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित नृत्य के साथ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वागत समारोह में प्रस्तुति देने वाली






भारतीय महिला नर्तकियों से मुलाकात की।

नर्तकियों में से एक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमारे लिए बड़े भाई जैसे हैं। हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि वे यहां आए। हमारी प्रस्तुति को उन्होंने बहुत धैर्यपूर्वक देखा, हमसे बातचीत की और इसकी बहुत सराहना की। हमने अपने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और भारत माता का सम्मान करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपनी थीम के रूप में चुना था। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। अपनी यात्रा के दौरान, 6 और 7 जुलाई को वह रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, उसके बाद एक राजकीय यात्रा करेंगे।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं



**धर्मशाला,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं है।

दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तिब्बतियों की विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं, जिसमें हस्तक्षेप के बिना धार्मिक नेताओं को स्वतंत्र रूप से चुनने और उनका सम्मान करने की उनकी क्षमता भी शामिल है। 14वें दलाई लामा, जिन्हें बेजुबानों की आवाज कहा जाता है, और दशकों तक जीने का लक्ष्य रखते हैं। अपने 90वें जन्मदिन से पहले, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने पुष्टि की कि उनका उत्तराधिकारी होगा, जिससे इस बात की अटकलों पर विराम लग गया कि क्या उनके निधन के बाद 600 वर्ष पुरानी संस्था समाप्त हो जाएगी।

## आज का इतिहास

1456- फ्रांस में जोन ऑफ आर्क को विधर्मी होने के मामले में मृत्यु के 25 साल बाद दोषमुक्त करार दिया गया।
1656- सिखों के आठवें गुरु हर किशन का जन्म।
1758- आधुनिक त्रावणकोर के निर्माता राजा मार्तंड वर्मा का निधन
1896- भारत में सिनेमा का प्रवेश। मुंबई के वाटसन होटल में ल्यूमिर बंधुओं ने फिल्मों का पहली बार प्रदर्शन किया।
1912- अमेरिकी खिलाड़ी जिम थोर्पे ने स्टॉकहोम ओलम्पिक में चार स्वर्ण जीतकर तहलका मचाया।
1928- स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई। इसे मशीन से काट कर तैयार किया गया।
1930- ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल का निधन
1948- बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना।
1978- सोलोमन द्वीप ने यूनाइटेड किंगडम से अपनी आजादी का ऐलान किया।
1985- महज 17 साल की उम्र में बोरिस बेकर ने विम्बलडन जीता
1981- क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी का जन्म।
1999- परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए।
2005- लंदन में 4 आत्मघाती हमलों में 700 से ज्यादा लोग घायल हुए और 39 लोगों की मौत हुई।
2007- न्यू 7 वंडर्स फाउंडेशन ने दुनिया के सात अजूबों की घोषणा की। भारत के ताजमहल को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया।

**मामला** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के साथ बातचीत के लिए तैयार

# इजरायली प्रतिनिधिमंडल को कतर जाने का दिए निर्देश

**यरुशलम, 6 जुलाई (एजेंसियां)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ युद्ध बंधकों पर बातचीत करने के लिए रविवार को एक वार्ता दल को कतर जाने का निर्देश दिया है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, स्थिति का आकलन करने के बाद इजरायल ने इस वार्ता के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। वह गाजा में बंधक बनाए गए इजरायलियों की रिहाई के लिए कतर के प्रस्ताव के आधार पर बातचीत जारी रखने पर सहमत हो गया है।**

प्रस्ताव में 60 दिन का युद्ध विराम, पांच चरणों में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई, 18 बंधकों के शवों को सौंपना तथा इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है।

इस बीच, बयान में कहा गया कि इजरायल को कल शाम जानकारी दी गई कि हमास ने प्रस्ताव में बदलाव की मांग की है जो इजरायल को अस्वीकार्य है। इजरायली सरकार के स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने कहा कि



हमास ने जो बदलाव किए है उनमें युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता में शीघ्र बदलाव की गारंटी, समझौते की गारंटी देने वाले देशों में तुर्की को शामिल करना, मानवीय सहायता संबंधित विवरण और गाजा पट्टी से इजरायली सैन्य बलों की वापसी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि चार जुलाई को हमास ने एक बयान में कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया संबंधी बातचीत में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।

## मिस्र के विदेश मंत्री व अमेरिकी राजदूत ने गाजा युद्धविराम पर की चर्चा

**काहिरा।** मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और मध्य पूर्व के लिए विशेष अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने शनिवार को फोन पर गाजा युद्धविराम वार्ता पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते के लिए संबंधित पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष बैठकें आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा की। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, श्री अब्देलती ने युद्ध विराम होने के बाद गाजा के शीघ्र पुनर्निर्माण एवं पुनरुद्धार पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की तैयारियों पर बातचीत की। जबकि श्री विटकॉफ ने गाजा में युद्ध विराम के लिए मिस्र के निरंतर प्रयासों तथा क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को बनाए रखने में उसकी भूमिका की सराहना की। शुक्रवार को हमास ने कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और कहा कि वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया मे हिस्सा लेने लिए तैयार है।

## सुडोकू 6966


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6966



**बायें से दायें:-**

१. आंख की पुतली
३. विधानसभा का सदस्य
५. प्रबंध इंतजाम
६. असुर, दैत्य
७. पिता का पिता
९. प्रेम, प्यार, इच्छा
१०. मदिरा बनाने या इसका व्यवसाय (उर्दू)
१२. रिश्ता, नाता, लगाव
१३. सारा, संपूर्ण
१४. बांटना, बांटने की क्रिया
१६. समाधान
१८. श्रीमान, महोदय (उर्दू)
२१. राहगीर
२१. इच्छा, कामना, अभिलाषा (उर्दू)
२३. दिखाई देना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कर देने वाला
२. बेसहारा, निराश्रित
३. जिसे उसके स्थान से हटा दिया गया हो
४. अनाथ (उर्दू)
५. दुश्चरित्र, कुमार्ग गामी
८. बलराम
१०. जिस पर आक्रमण किया गया हो, पराभूत जिस पर कब्जा किया गया हो, कष्टग्रस्त
११. वजह
१२. ग्रहण करना, एकत्र करना
१३. बुजुर्ग, बुद्धिमान
१४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
१५. नीरस
१७. फौज, सेना (उर्दू)
१८. टूटा-फूटा
१९. प्रवाहित होना
२२. गीला, नम

### वर्ग पहेली-6965

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | मा | २ वे | श | ■ | ■ | ३ सा | म | ४ रि | क |
| ह | ■ | द | ■ | ५ ब | हु | धा | ■ | श्व | ■ |
| ६ च | क | ना | चू | र | ■ | ७ र | सा | त | ८ ल |
| र | ■ | ही | ■ | ९ ता | र | ण | ■ | ■ | वा |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | ता | ■ | की | ■ | १३ वि | लं | ब | ■ | ग |
| १४ मु | ना | १५ सि | ब | ■ | मा | ■ | १६ ह | १७ ल | ■ |
| वा | ■ | कं | ■ | १८ व | न | १९ ज | ■ | श्क | ■ |
| २० र | स | द | ■ | र्द्ध | ■ | २१ न | फ | र | २२ त |
| क | ■ | २३ रा | म | क | हा | नी | ■ | ■ | ख्त |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6966 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

## दुनिया को जानें

### जापान में भीषण गर्मी का प्रकोप, 19 प्रांतों में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी

**टोक्यो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। जापान में भीषण गर्मी के चलते रविवार को मौसम विभाग ने देश के 19 प्रीफेक्चर्स (प्रांतों) में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी किया, जिसमें इस सीजन का पहला अलर्ट टोक्यो और कनागावा के लिए भी जारी किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, पश्चिमी जापान और अन्य हिस्सों में उच्च दबाव प्रणाली का प्रभाव बना हुआ है, जिससे ज्यादातर क्षेत्रों में धूप और अत्यधिक गर्म मौसम बना रहेगा।

रविवार को देशभर में दिन के तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई। मिए प्रीफेक्चर के कुओवाना में तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस, आइची प्रीफेक्चर के टोयोटा में 37.9 डिग्री, जबकि गिफू प्रीफेक्चर के ताजिमी, शिजुओका के हमामात्सु और यामानाशी के कोफू में 37.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि वे एयर कंडीशनर का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी और नमक लें, और बाहर काम करते समय बार-बार आराम करें। टोक्यो फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, टोक्यो में 9 से 89 वर्ष की उम्र के 28 लोगों को हीटस्ट्रोक के लक्षणों की वजह से अस्पताल ले जाया गया।

# खेल जगत

## इंग्लैंड हमारी पेस बैटरी से भयभीत: अशोक डिंडा

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। एजबेस्टन टेस्ट के अंतिम दिन टीम इंडिया जीत से महज सात विकेट दूर है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का मानना है कि इंग्लैंड, मेहमान टीम के पेस अटैक से डर गया है। अशोक डिंडा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि भारत का सामना करना इंग्लैंड के लिए बहुत बड़ा चैलेंज होगा। इंग्लैंड की गेंदबाजी अब पहले जैसी नहीं रही, जैसी स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के समय रहा करती थी। उनके पास भी नए गेंदबाज हैं। हमारे पास शानदार पेस अटैक है। इंग्लैंड को हमारी पेस बैटरी से डर है। आकाश दीप को जसप्रीत बुमराह के स्थान पर दूसरे टेस्ट में मौका मिला, जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। आकाश दीप ने मुकाबले के चौथे दिन तक दोनों पारियों में कुल छह विकेट अपने नाम किए हैं।



# भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाई मजबूत पकड़, जीत से चार कदम दूर

**बर्मिंघम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। आकाश दीप (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन

■ आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए दो विकेट निकाले

रविवार को भोजनकाल तक इंग्लैंड के 153 पर छह विकेट झटककर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

भारत को लंच से ठीक पहले वाशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स का विकेट दिलाया, जो भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इस सेशन की शुरुआत में पहले आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए दो विकेट निकाले। लेकिन उसके बाद स्टोक्स और स्मिथ के बीच 70 रनों की अच्छी साझेदारी हुई लेकिन लंच से ठीक पहले स्टोक्स आउट हो गए। अब इंग्लैंड पूरी तरह से इस मैच को ड्रॉ कराने का प्रयास करेगा लेकिन भारत जीत के काफ़ी क़रीब दिख रहा है। इंग्लैंड ने



कल के तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेला शुरु किया। इंग्लैंड ने महज आठ रन जोड़कर अपना चौथा विकेट ऑली पोप (24) के रूप में गंवा दिया। ऑली पोप को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद आकाश दीप ने 22वें ओवर में हैरी ब्रूक (23) को पगबाधा कर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। भारत को छठी सफलता वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान बेन स्टोक्स (33) को पगबाधा आउट कर दिलाई। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने छह विकेट पर 153 रन बना लिये है और जेमी स्मिथ (नाबाद 32) क्रीज पर मौजूद है। इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए जहां 455 रनों की दरकार है। वहीं भारत को चार विकेट चटकाने होंगे। भारत की ओर से आकाश दीप ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। वहीं इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये थे। भारत ने दूसरी पारी छह विकेट पर 427 के स्कोर पर घोषित कर दी थी।

## मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की

**बर्मिंघम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है। भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रदर्शित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है।



# विश्व मुक्केबाजी कप-साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना,** 6 जुलाई (एजेंसियां) दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप-अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय



■ भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे

मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़िम काइजेबे के खिलाफ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3:2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे। जुगनू, कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदीलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार गईं, जबकि पूजा ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ समान स्कोर लाइन से हार गईं। शाम के सत्र में चार और भारतीय स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें ब्राजील लेग के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा) अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा), जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 85+ किग्रा) उतरेंगे।

## श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। श्रीमंत झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 56 पदक जीते हैं। स्वर्ण पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से देश को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।



# दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैम्पियनशिप में बने दो मीट रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। 59वीं दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में दो रिकॉर्ड तरणताल में डूबे। रेहान सेजवाल और युवराज सिंह ने अपनी स्पर्धाओं में नए मीट रिकॉर्ड बनाए, जबकि सेहर ने चौथा गोल्ड जीता। चैम्पियनशिप के दौरान दिल्ली स्विमिंग एसोसिएशन को संभाल रही एडहॉक कमेटी के चेयरमैन स्वाड्रन लीडर (रिटा.) एसआर साहू ने बताया कि उत्तर भारत में पहली बार टच बोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसे टाइम ट्रैक स्पोर्ट्स इवेंट नियंत्रित कर रहा है। इससे सटीक परिणामों के चलते ज्यादा पारदर्शिता आएगी। रविवार को चैम्पियनशिप के तीसरे दिन हुई 200 मीटर बालिका अंडर-17 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में प्रकृति दहिया ने 2:27.49 समय के साथ अब तक दो गोल्ड जीत चुकी



खुशी भट्ट को पछाड़कर गोल्ड जीता। खुशी को रजत और वंशिका गुसाईं को कांसे से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में अर्णव त्यागी (2:18.99) ने बाजी मारी जबकि ध्रुव सेजवाल ने रजत और वंश सुहाग ने कांस्य जीता। 200 मीटर बालिका अंडर-14 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में सेहर पुरी (2:47.34) को गोल्ड, ऑसम को सिल्वर और अमर्या पटनी को ब्रॉन्ज मिला। बालक वर्ग में आरोन इमैनुअल (2:33.75) सबसे आगे रहे। विशु मौर्य दूसरे और रक्षित टोकस तीसरे स्थान पर रहे। सेहर ने 50 मीटर बटरफ्लाई का गोल्ड और 200 मीटर बैक स्ट्रोक का सिल्वर जीता। 400 मीटर बालक अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा में युवराज सिंह ने 4:18.16 समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता। वंश सुहाग और तनुष झांजी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग का गोल्ड रक्षित टोकस (4:43.47) को गया। सूर्यमान महावाल को रजत और वीर राठी को कांसा मिला। 400 मीटर बालिका अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा का गोल्ड तितिक्षा रावत (4:47.57) की झोली में गिरा। प्रकृति दहिया और यशुता दहिया क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में नूपुर पाठक (5:05.34) ने गोल्ड जीता। अमीरा सिंघल और याश्वी नेगी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक पाया।

## कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**जाग्रेब,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

# एमएलसी 225: एमआई से हार के बाद प्लेऑफ से बाहर नाइट राइडर्स

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 27वें मैच में जीत दर्ज की। टीम ने फ्लोरिडा में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ छह रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने इस सीजन नौ में से महज एक ही मैच अपने नाम किया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं। प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर मौजूद इस टीम के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने नौ विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए किरोन पोलार्ड ने 36 गेंदों में चार छक्कों और एक चौके की मदद से 50 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 24 गेंदों में 30 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से शैडली वैन शल्कविक ने सर्वाधिक



■ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं

तीन विकेट झटके, जबकि जेसन होल्डर और कॉर्न ड्राई को दो-दो सफलता हाथ लगी। सुनील नरेन के नाम एक विकेट रहा। इसके जवाब में लॉस एंजिल्स की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट गंवाकर सिर्फ 136 रन ही बना सकी। टीम ने 11 के स्कोर पर आंद्रे फ्लेचर (9) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलेक्स हेल्स ने उन्मुक्त चंद के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

## सार संक्षेप

### पंत के डीपीएल खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं : जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए 'पुरानी दिल्ली 6' ने स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत को टीम में बनाए रखा है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के अनुसार पंत के खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं। रोहन जेटली ने आईएएनएस से कहा कि जब ऋषभ पंत खेलते हैं, तो लीग में युवा खिलाड़ियों के लिए एक माहौल बनता है। वह प्रेरित होते हैं। पंत भारत के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली के लिए डोमेस्टिक स्टेट लीग भी खेल रहे हैं। आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य जैसे कई खिलाड़ी पिछले साल लीग में खुद को साबित करने के बाद नेशनल लेवल पर खेले। डीपीएल में इस सीजन दो नई टीमें भी लीग में जुड़ चुकी हैं। 'आउटर दिल्ली' और 'नई दिल्ली' इस सीजन की नई टीमें हैं। रोहन जेटली के अनुसार इस प्लेटफॉर्म का मकसद नए टैलेंट्स खिलाड़ियों को तराशना है। रोहन जेटली ने कहा कि डीपीएल में दो नई टीमों को जोड़ा गया है, जिसका मकसद खिलाड़ियों को मिलने वाले मौके को बढ़ाना है।

### इन्फेक्शन से पीड़ित मास्वाउरे, नहीं खेल सके दूसरा टेस्ट

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज प्रिंस मास्वाउरे 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' से पीड़ित हैं, जिसके चलते वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं उतर सके। यह मैच रविवार से क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। टॉस से पहले प्रिंस मास्वाउरे को 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' के चलते खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। 'जिम्बाब्वे क्रिकेट' ने बयान में कहा कि मास्वाउरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित हैं और उन्हें खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। मास्वाउरे को सीरीज के पहले टेस्ट में ब्रायन बेनेट की जगह शामिल किया गया था। ब्रायन बेनेट फिलहाल चोटिल हैं, उन्हें पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। 36 वर्षीय प्रिंस मास्वाउरे ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत साल 2016 में की थी। उन्होंने अब तक 1 टेस्ट मुकाबलों की 19 पारियों में चार अर्धशतकों की मदद से 1,268 रन बनाए हैं। उन्होंने करियर में दो वनडे मैच भी खेले हैं।

### पहली ओडिशा प्रो टी20 लीग सितंबर में

**कटक।** आईपीएल की तर्ज पर देश के कई राज्यों के क्रिकेट बोर्डों ने टी20 लीग की शुरुआत की है। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) भी 'ओडिशा प्रो टी20 लीग' (ओपीटीएल) के नाम से एक नई टी20 लीग की शुरुआत करने जा रहा है। ओपीटीएल का पहला संस्करण सितंबर 2025 में खेला जाएगा। इसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को उनकी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए अहम मंच प्रदान करेगी। खिलाड़ियों को उच्च-स्तर पर प्रतिस्पर्धा और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।

## रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पीएसजी की ओर से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल दागे। पंद्रह बार के यूईएफए चैम्पियंस लीग विजेता रियल मैड्रिड ने गोंजालो गार्सिया और फ्रैन गार्सिया के पहले हाफ के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद बोरूसिया डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने 93वें मिनट में एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके एक मिनट बाद किलियन एमबाप्पे ने टूर्नामेंट का अपना पहला गोल करके मैड्रिड की बढ़त को आगे बढ़ाकर जीत सुनिश्चित कर दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कसा शिकंजा

**सेंट जॉर्ज,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जुझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने



■ स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन की शानदार पारी ने आस्ट्रेलिया की पारी को संभाला

123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64.3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे। मैच के बाद स्टीव स्मिथ ने कहा कि यह एक मुश्किल पिच है थोड़ा ऊपर-नीचे और थोड़ा सीम मूवमेंट था। मैंने स्थिर रहते हुए, पगबाधा होने से बचने का प्रयास किया। मैंने स्वयं को खराब गेंदों को दूर रखने का प्रयास किया।

## मुश्किल पिच पर समय बिताना अच्छा रहा: ग्रीन

**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैंने मुश्किल पिच पर कभी असहज महसूस नहीं किया, वहां समय बिताना अच्छा रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के तीसरे दिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कैमरून ग्रीन अपने जुझारू प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी असहज महसूस किया। निश्चित रूप से (शुक्रवार) की रात मुश्किल थी और शनिवार नई गेंद के साथ मुझे फिर से शुरुआत करनी पड़ी। मुश्किल विकेट पर समय बिताना अच्छा रहा। ग्रीन ने 123 गेंदों पर 52 रनों की जुझारू पारी खेली और स्टीव स्मिथ के साथ 93 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। खेल के बाद ग्रीन ने कहा कि आपको हमेशा एक अच्छी पारी की जरूरत होती है ताकि आप आगे बढ़ सकें और आज का दिन भी ऐसा ही रहा।

# नोवाक जोकोविच, सिनर चौथे दौर में, क्रेजिकोवा हाकर विंबलडन से हुई बाहर

**लंदन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने हमवतन मियोमिर केकमानोविच को और इटली के जैनिक सिनर ने पेड्रो मार्टिनेज को हराकर विंबलडन पुरुष एकल मुकाबले में चौथे दौर में जगह बना ली है। सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में केकमानोविच को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ जोकोविच यह कारनामा करने वाले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो गए।

अगले दौर में जोकोविच सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया है। वहीं एक अन्य मुकाबले में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को मात्र एक घंटे 55 मिनट



■ मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में किया प्रवेश

में 6-1, 6-3, 6-1 से हराया। इटली के दिग्गज खिलाड़ी सिनर टूर्नामेंट में अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है। अगले दौर में उनका मुकाबला अब 19वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। अमेरिका के दसवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने इस साल के आयोजन में अपना बेहतरीन सेट रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स को 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली है जहां उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले मे 2014 यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने स्पेन के जौम मुनार को 6-3, 3-6, 6-2, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनकी भिड़ंत इटली के फ्लेवियो कोबोली से होगी। महिला वर्ग में पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने रोम में अमेरिकी डेनियल कोलिंस से मिली हार का बदला 6-2, 6-3 से जीत के साथ लिया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 7-6 (6), 6-3 से हराया। चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा को अमेरिका की एम्मा नवारो ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो से हारे

**ओंटारियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत को कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

खेले गए सेमीफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के विश्व नंबर 12 और तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो के खिलाफ 21-19, 14-21, 18-21 से हार गये। इसी के साथ ही भारत का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने निशिमोतो के खिलाफ भी शानदार शुरुआत की। एक समय 18-16 से पीछे होने के बावजूद श्रीकांत ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता। श्रीकांत ने दूसरे गेम की



शुरुआत में ही 9-4 की बढ़त बना ली, लेकिन निशिमोतो ने 14-14 पर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार सात अंक जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय 6-1 से पीछे होने के बाद, श्रीकांत ने बीच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, निशिमोतो ने भी वापसी की और 18-18 पर स्कोर बराबर करने के बाद गेम जीतते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.60 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.36 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.19 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.15 प्रतिशत |
| एचसीएलटेक | 0.92 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 11.93 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.72 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.07 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 0.87 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.42 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,021 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,580 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे : पीयूष गोयल

■ भारत व्यापार का विस्तार करने के लिए तैयार

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे। श्रीनगर में एफटीआईआई ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में बोलते हुए गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीय व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की रक्षा करें।

उन्होंने कहा कि एफटीए पर हस्ताक्षर इसलिए किए जाते हैं ताकि हमारे स्थानीय सामानों को अन्य देशों में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सके और अन्य बाजारों तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। लेकिन यह स्वाभाविक है कि एफटीए में दोतरफा व्यापार होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि वे हमारे सामानों के लिए अपने बाजार खोलें जबकि हम नहीं।

क्षेत्र के व्यापारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र विदेशी भागीदारों के साथ बाजार पहुंच पर बातचीत करते समय संवेदनशील क्षेत्रों या क्षेत्रीय चिंताओं से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम जो भी एफटीए करेंगे, उसमें पूरे देश के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब भारत-अमेरिका के बीच एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है।




सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीयों के हितों की रक्षा करे : पीयूष गोयल

### भारत को वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनना सरकार का लक्ष्य : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। साथ ही कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बन सके। उन्होंने देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरा किया और देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की।

## निर्मला सीतारमण ने की ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा



**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिक्स समकक्षों के साथ बैठकें की और इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। यह जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान में गई। ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ अपनी बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत-रूस की दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वित्त मंत्रालय की पोस्ट के अनुसार, वित्त मंत्री सीतारमण ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर सराहनीय है और हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और दृढ़ बनी हुई है।

उन्होंने 2024 में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई दी और कहा कि भारत साझा हितों के क्षेत्रों में दक्षिण-दक्षिण सहयोग बनाने के लिए ब्रिक्स मंच का लाभ उठाना जारी रखेगा। उन्होंने हाल ही में ब्रिक्स में शुरू की गई विभिन्न पहलों के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने वित्तीय क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की।

वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद से मुलाकात की और दक्षिण-दक्षिण सहयोग, वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ावा देने, सीओपी30 और जलवायु वित्त मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स, डब्ल्यूटीओ और आईबीएसए जैसे क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों में भागीदारी सहित आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत की।

ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील द्वारा किए गए गहन कार्य की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ब्राजील द्वारा निर्धारित एजेंडे और प्राथमिकताओं का समर्थन करता है।

## विदेशी विनिमय बाजार में रुपए में स्थिरता बनी रही



■ डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनिमय बाजार में भारतीय रुपए में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी।

अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई तो इस सप्ताह रुपए को काफी सहारा मिल सकता है। सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डालर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा। लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा।

पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपए प्रति डालर के दायरे में बंद हुआ था।

## उच्च विकास दर के साथ तेजी से बढ़ रहा निर्यात



■ वैश्विक स्तर पर दिख रही भारतीय अर्थव्यवस्था की धाक
■ न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है महंगाई दर

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक है। साथ ही, इस दौरान देश का निर्यात भी सार्वकालिक उच्चतम स्तर 824.9 बिलियन डॉलर पर रहा है।

यह आंकड़े दिखाते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था आत्मविश्वास के साथ लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर इसी आंकड़े के आसपास रहने की उम्मीद है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की विकास दर इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6.40 से 6.70 प्रतिशत के बीच रह सकती है। अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण देश के निर्यात में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 778.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.01 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2013-14 में देश का निर्यात केवल 466.22 बिलियन डॉलर था, जो बीते एक दशक में देश के निर्यात में निरंतर प्रगति को दिखाता है।

एक तरफ देश तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। वहीं, महंगाई दर भी न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है। मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत पर रही थी, जो कि फरवरी 2019 के बाद खुदरा महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण पूंजीगत बाजारों पर भी निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या दिसंबर 2024 तक बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई है, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 4.9 करोड़ पर था। यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजारों में बढ़ती सार्वजनिक रुचि और देश की दीर्घकालिक क्षमता में विश्वास को दर्शाती है। अब अधिकतर लोग शेयर बाजार को केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी संपत्ति बनाने के एक जरिए के तौर पर देखते हैं।

**सार संक्षेप**

### अडाणी एंटरप्राइजेज जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपए

**अहमदाबाद।** अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने रविवार को 1,` करोड़ रुपए मूल्य के सुरक्षित, रेटेड और सूचीबद्ध रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने दूसरे पब्लिक इश्यू का ऐलान किया। यह इश्यू 9 जुलाई को खुलेगा और 22 जुलाई को बंद होगा (समय से पहले बंद करने या विस्तार के विकल्प के साथ), और इसमें प्रति वर्ष 9.3 प्रतिशत तक का ब्याज एनसीडी होल्डर्स को दिया जाएगा। प्रत्येक एनसीडी की फेस वैल्यू 1,` रुपए है। प्रत्येक आवेदन में न्यूनतम 1` एनसीडी के लिए अप्लाई करना होगा। न्यूनतम आवेदन राशि 1`,` रुपए होगी। कंपनी के अनुसार, एनसीडी समान रेटिंग वाले एनसीडी और सावधि जमा की तुलना में प्रतिस्पर्धी यील्ड्स प्रदान करते हैं और इन्हें बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एनसीडी को केयर एए-, स्थिर और (आईसीआरए) एए- (स्थिर) रेटिंग मिली है।

### मिंत्रा ने लांच किया ग्लैमस्ट्रीम, इंगेजमेंट में वृद्धि का लक्ष्य

**बेंगलुरु।** अपनी कंटेंट-कॉमर्स रणनीति को और ऊपर ले जाते हुए मिंत्रा ने शनिवार को ग्लैमस्ट्रीम के शुभारंभ की घोषणा की, जो अपनी तरह का एक अनूठा शॉपिंग योग्य लाइफस्टाइल कंटेंट गंतव्य है - जो मनोरंजन, फैशन प्रेरणा और खरीद का सहज मिश्रण है। कंटेंट, समुदाय और वाणिज्य के मिश्रण से निर्मित ग्लैमस्ट्रीम दर्शाता है कि आज का युवा भारत किस तरह से खरीदारी करना पसंद करता है- उनके फीड पर आधारित मनोरंजन और उन्हें प्रेरित करने वाली चीजों तक तुरंत पहुंच। अपने पहले चरण में, ग्लैमस्ट्रीम 5 घंटे से ज्यादा का कंटेंट लेकर आएगा, जिसमें 1 5 मित्रा एक्सक्लूसिव और शेयर्ड स्ट्रीम के 4` से अधिक एपिसोड शामिल हैं। इन स्ट्रीम में बादशाह, विजय देवरकोंडा, तब्बू, जीनत अमान, रवीना टंडन, तमन्ना भाटिया, खुशी कपूर, मलाइका अरोड़ा और बॉलीवुड, ओटीटी और डिजिटल क्रिएटर इकोसिस्टम के अन्य जाने-माने चेहरे जैसे 1` से ज्यादा सेलेब्रिटीज शामिल होंगे।

### एचडी हुंडई ने कोचीन शिपयार्ड के साथ किया साझेदारी

**सियोल।** एचडी हुंडई ने रविवार को कहा कि वह वैश्विक जहाज निर्माण बाजार में दक्षिण कोरिया की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता कंपनी कोचीन शिपयार्ड के साथ हाथ मिलाएगी। कोरियाई कंपनी के अनुसार, एचडी हुंडई की सहयोगी कंपनी एचडी कोरिया शिपबिल्डिंग एंड ऑफशोर इंजीनियरिंग कंपनी ने जहाज निर्माण क्षेत्र में द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए भारत की सरकारी स्वामित्व वाली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार है जब किसी कोरियाई जहाज निर्माता ने किसी भारतीय कंपनी के साथ साझेदारी की है।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-



■ सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है।

बाजार विश्लेषणों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गयी है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है।

विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है।

अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे ,पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा।

मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार को कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से भी संकेत मिलने की उम्मीद है। कंपनियों के पहली तिमाही के परिणाम अगले सप्ताह से आने शुरू हो जाएंगे।

इस सप्ताह तेल उत्पादक एवं निर्यात देशों के मंच ओपेक और अन्य बड़े उत्पादकों की साझा बैठक के वैश्विक तेल उत्पादन को प्रभावित करने वाले निर्णयों का भी बाजार को इंतजार है। ओपेक एंव अन्य देशों के निर्णय कच्चे तेल के भाव को प्रभावित करेंगे जिसका बड़ा आयातक होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।

## निजी सेक्टर में आरएंडडी बढ़ाने में मदद करेगी रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम



**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सरकार ने ऐसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निजी कंपनियों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम की शुरुआत की है, जिसमें वे प्रवेश करने में झिझकते रहे हैं। यह बयान एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की ओर से दिया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने कहा कि यह फंड निजी क्षेत्र के अनुसंधान और विकास में निवेश करेगा, जिसमें कॉरपरेट्स, इंडस्ट्री और डीप टेक स्टार्टअप शामिल हैं।

करंदीकर ने बताया कि इस स्कीम के तहत फाइनेंसिंग रियायती ऋण, इक्विटी या दोनों के संयोजन के माध्यम से दी जाएगी और कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परियोजना लागत का आधा हिस्सा वहन करें, जबकि शेष राशि कोष से वहन की जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम को मंजूदी दी है, जिसका उद्देश्य भारत के रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करना है। यह योजना निजी क्षेत्र को फंडिंग करने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने में भी मदद करेगी, साथ ही उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को ग्रोथ और रिस्क कैपिटल उपलब्ध कराएगी।

अभय करंदीकर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिन्हित और स्वीकृत किए गए उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों में एनर्जी ट्रांजिशन और क्लाइमेट टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ड्रोन, स्पेस टेक्नोलॉजी, बायो टेक्नोलॉजी, सिंथेटिक जीव विज्ञान, एआई एप्लीकेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि फंड के लिए परिचालन रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सोना इस हफ्ते 1,2 रुपए से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1`.7 लाख रुपए के पार



■ वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा सोने व चांदी में बढ़त की वजह

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।

सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना, इसकी एक अहम वजह है। वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,859 रुपए या 27.38 प्रतिशत बढ़कर 97,021 रुपए पर पहुंच गया है।

# बीते एक दशक में तीन गुना बढ़ा भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार





■ भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी
■ दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए कर रही संघर्ष

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मजबूत आधार और लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बीते एक दशक में तीगुना बढ़कर होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 106.57 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी रविवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों में दी गई।

आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो कि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था ऐसे समय पर बढ़ रही है, जब दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि यह गति 2025-26 में भी जारी रहेगी। अन्य अनुमान भी इसी आशावाद को दोहराते हैं, संयुक्त राष्ट्र ने इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने अपने अनुमान को थोड़ा अधिक 6.4 से 6.7 प्रतिशत पर रखा है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह निरंतर प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग से प्रेरित है। ग्रामीण खपत में तेजी आई है, शहरी खर्च बढ़ रहा है, और निजी निवेश में तेजी आ रही है। व्यवसाय क्षमता का विस्तार कर रहे हैं, जिनमें से कई अपने अधिकतम उत्पादन स्तर के करीब परिचालन कर रहे हैं।

साथ ही, सार्वजनिक निवेश विशेष रूप से बुनियादी ढांचे में उच्च स्तर पर बना हुआ है, जबकि स्थिर उधारी स्थितियां फर्मों और उपभोक्ताओं को दूरदर्शी निर्णय लेने में मदद कर रही हैं। बयान में आगे कहा गया कि इसके विपरीत वैश्विक परिस्थितियां नाजुक बनी हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र ने व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं और सीमा पार निवेश में गिरावट का हवाला देते हुए विश्व अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता के दौर में बताया है। इसके बावजूद, भारत एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभर कर सामने आ रहा है।

# साहित्य समाज को नयी दिशा देता है-तोखन साहू

## प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी एवं अक्षय पब्लिकेशन द्वारा विमोचन एवं सम्मान समारोह आयोजित

## कथाकार श्रीमती तुलसी देवी तिवारी का हुआ सम्मान

**बिलासपुर**, 06 जुलाई (देशबन्धु)। प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी राष्ट्रीय समिति बिलासपुर एवं अक्षय पब्लिकेशन प्रयागराज के द्वारा छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं कथाकार श्रीमती तुलसी देवी तिवारी की कृति साहित्य के आलोक में तुलसी- (संदर्भ ग्रंथ,) पुकार जगन्नाथ की (यात्रा संस्मरण), एवं छत्तीसगढ़ की लोककथाएं का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अभ्यागत विधायक सुशांत शुक्ला, समारोह भूषण जस्टिस चन्द्रभूषण वाजपेयी , अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग , विशिष्ट अतिथि आचार्य एडीएन वाजपेयी कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय ,विशिष्ट अतिथि- नन्द किशोर तिवारी वरिष्ठ साहित्यकार,डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय प्रयागराज, डॉ श्रीमती आरती पाठक दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रदीप सिंह देश दर्शन प्रकोष्ठ प्रयागराज, एवं समीक्षक रामनाथ साहू वरिष्ठ साहित्यकार, अजय शर्मा साहित्यकार के आतिथ्य में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कथाकार श्रीमती तुलसी देवी तिवारी को शाल श्री फल एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया । श्रीमती तुलसी देवी तिवारी ने अपनी साहित्यिक यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मेरी कृतियों में मेरे जीवन की अनुभूतियां हैं । मुझे प्रेरित करने वाले यहाँ के साहित्यकार हैं जिनका सहयोग एवं मार्ग दर्शन मुझे हमेशा मिलता रहा है ।

इस अवसर कार्यक्रम संचालन करते हुए डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने साहित्य अकादमी द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी । सरस्वती वंदना की प्रस्तुति राम निहोरा राजपूत एवं स्वागत गान आर्या तिवारी बहनों द्वारा की गई ।

स्वागत भाषण में संयोजक विमर्श तिवारी ने समस्त अतिथियों एवं उपस्थित जनों का हार्दिक स्वागत करते हुए सुप्रसिद्ध कथाकार श्रीमती तुलसी देवी तिवारी का परिचय देते हुए उनके साहित्यिक अवदानों की जानकारी दी ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तोखन साहू केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आज श्रेष्ठ साहित्य सृजन की आवश्यकता है ताकि नयी पीढ़ी को इस दिशा में सृजनशीलता की प्रेरणा मिले । सत साहित्य से व्यक्ति, परिवार और समाज संस्कारित होता है और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है तथा समाज को नयी दिशा मिलती है ।

इस अवसर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर की समृद्ध साहित्यिक परंपरा रही है जिसने इसे साहित्य धानी बनाया है । खुशी इस बात की है कि यहाँ के वरिष्ठ साहित्यकारों तथा समितियों की सक्रियता से सभी साहित्यकार सृजन शीलता से जुड़े हुए है।

समारोह भूषण न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी ने कहा कि एक कुशल गृहिणी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कुशल शिक्षिका और एक सक्रिय साहित्य सेवारत श्रीमती तुलसी देवी तिवारी वास्तव में हम सभी के लिए प्रेरक हैं ।

अध्यक्षीय उदबोधन में डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि श्रीमती तुलसी देवी तिवारी की कृतियाँ पूरे देश में प्रसिद्धी पा रही हैं । ये सतत् सृजन शील रही हैं इनकी अब तक 12 कहानी संग्रह; एक उपन्यास, चार यात्रा संस्मरण ग्यारह बालोपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हो गई हैं ,और सद्य: प्रकाशित कृति दूर्वादल काव्य संग्रह है । इन्हें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक सम्मान एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । इन्हें सन 2013 में इन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया । उनकी अनेक रचनाएं राष्ट्रीय स्तर की पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं । साहित्य की अनेक विधाओं में इन्होंने सृजन किया है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आचार्य एडीएन वाजपेयी कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी बिलासपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ साहित्यकार नन्द किशोर तिवारी ने उनकी साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बधाई दी ।

द्वितीय सत्र में समीक्षा गोष्ठी में डॉ आरती पाठक प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय ,वरिष्ठ साहित्यकार नन्द किशोर तिवारी,डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय प्रयागराज एवं रामनाथ साहू वरिष्ठ साहित्यकार एवं अजय शर्मा संरक्षक छत्तीसगढ़ी फिल्म एसोसिएशन ने श्रीमती तुलसी देवी तिवारी की कृतियों की समीक्षा करते हुए कहा कि विमोचित तीनों कृतियाँ अनुपम हैं । उन्होंने इन कृतियों के प्रकाशन और विमोचन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर ने किया ।

इस अवसर पर डॉ विवेक तिवारी, केशव शुक्ला , डॉ बृजेश सिंह,डॉ श्रीधर गौरहा, अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर, आशीष श्रीवास,डॉ मंतराम यादव, डॉ चन्द्र शेखर यादव,अजय शर्मा, शत्रुघन जैसवानी, शीतल प्रसाद पाटनवार, श्रीमती स्मृति वैष्णव जैन, डॉ अनिता सिंह, डॉ सुनीता मिश्रा, पूर्णिमा तिवारी, विपुल तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, आदि शहर एवं अंचल के साहित्यकार उपस्थित थे ।

# बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में नए अराइवल हॉल का निर्माण शीघ्र किया जाए

## नया अराइवल हाल जिसमें सामान लाने के लिए कन्वेयर बेल्ट हो वह 2023 में ही स्वीकृत हो चुका था



## पिछले डेढ़ साल में इस पर कोई काम नहीं हुआ और यात्री अभी भी अपना सामान खुद ढोकर ले जाने को बाध्य

**बिलासपुर,** 05 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य का दूसरा प्रमुख शहर बिलासपुर का एयरपोर्ट उपेक्षा के कारण बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है वही डेढ़ साल पहले स्वीकृत हुए नए अराइवल हाल का निर्माण भी अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस नए अराइवल हाल में कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से विमान से उतरने वाले लगेज के पहुंचने की व्यवस्था थी इसके न होने के कारण आज भी यात्री विवाद तक अपना लगेज खुद ढोकर ले जा रहे हैं और ला रहे हैं।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने तथ्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि 2021 में जब एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ था उसी समय 6 करोड़ 70 लख रुपए टर्मिनल भवन के विस्तार और सभी आधुनिक सुविधाएं देने के लिए स्वीकृत किए गए थे। आगे जाकर 2023 में डिपार्चर हाल का विस्तार और अराइवल हाल का विस्तार भी स्वीकृत किया गया इनमें से डिपार्चर हाल का विस्तार तो कर दिया गया है परंतु अराइवल हाल का विस्तार और सामान लाने ले जाने की सुविधाएं जैसे कन्वेयर बेल्ट आदि की स्थापना आज तक नहीं की गई है। इन सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और एयरलाइंस के द्वारा सामान देने पर बाहर तक उसे घसीटते हुए लाना पड़ता है। इसके अलावा भी अराइवल हाल में एक विमान के पूरे यात्रियों के लिए खड़े होने की भी जगह नहीं है। इसी तरह डिपार्चर हाल में भी जगह की कमी है।

मूल प्रस्ताव के अनुसार वर्तमान अराइवल हाल को डिपार्चर हाल में मिलाया जाना है और अराइवल के लिए नया हाल बनाया जाना है इसके लिए शुरुआती काम में शेड जरूर लगाया गया लेकिन बाद में यह पूरा का पूरा काम छोड़ दिया गया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मांग की की इस अराइवल हाल विस्तार को शीघ्र से पुन: शुरू किया जाए और कन्वेयर बेल्ट आदि सुविधाएं बिलासपुर एयरपोर्ट पर उपलब्ध कराई जाए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और भारी बारिश के बावजूद आंदोलनकारी धरने पर बैठे इनमें डॉ प्रदीप राही ,समीर अहमद बबला ,देवेंद्र सिंह ठाकुर ,अशोक भंडारी ,आशुतोष शर्मा, मनोज तिवारी, पूर्व महापौर रामशरण यादव, अमर बजाज ,रणजीत सिंह खनूजा ,शिवा मुदलियार, लकी यादव ,विनय शुक्ला, प्रेमदास मानिकपुरी, नीरज सोनी और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# आबकारी विभाग के अमले ने 14 बॉटल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

**बिलासपुर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। विदेशी शराब की बिक्री करते हुए एक आरोपी को आबकारी अमले ने गिरफ्तार किया है । उसके पास से 14 बोतल ब्लेंडर प्राइड विदेशी शराब जब्त की गई है।



आबकारी आयुक्त श्यामलाल धावड़े के निर्देश और कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं प्रभारी सहायक आयुक्त नवनीत तिवारी के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिले में अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ. समीर मिश्रा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में विदेशी शराब की अवैध बिक्री करते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

जिले में आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को अवैध रूप से नॉन ड्यूटी पेड शराब बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया । आरोपी मदनलाल मनहर, उम्र 55 वर्ष, पिता फूल सिंह, के पास से विभिन्न राज्यों के लिए चिह्नित 14 नग ब्लेंडर प्राइड शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। इन पर फॉर सेल इन तेलंगाना, फॉर सेल इन मध्यप्रदेश तथा फॉर डिफेंस सर्विस अंकित था, जो कि छत्तीसगढ़ में विक्रय के लिए प्रतिबंधित है।

जप्त की गई कुल शराब की मात्रा 10.5 लीटर है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(1)(ख), 34(2), 59(क) एवं 36 के अंतर्गत मामला कायम कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ. समीर मिश्रा द्वारा किया गया, जिनके साथ आबकारी उपनिरीक्षक ऐश्वर्या मिंज, मुख्य आरक्षक वीरभद्र जैसवाल, आरक्षक नवनीत पांडेय, नरेश, रामेश्वर तथा वाहन चालक दीपक की विशेष भूमिका रही।

**NECC**

| 07.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 555 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 570 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# द्रुतगति से विकास हो रहा प्रदेश का : अरूण साव





## करोड़ों की सौगात दी दो निकायों को

**कोरबा,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का द्रुतगति से विकास हो रहा है। सभी क्षेत्रों का ध्यान सरकार ने रखा है। विकास के लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान अरूण साव ने नगर पंचायत पाली एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में आयोजित विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर पंचायत पाली में लगभग 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो के अंतर्गत 4 करोड़ 75 लाख 30 हजार के अनेक कार्यो का भूमिपूजन, 67 लाख 39 हजार के विकास कार्यो का लोकार्पण और नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में 2 करोड़ 10 लाख 42 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को धनराशि के चेक व संसाधन दिए गए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार के कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, सरकार ने आमजनो से जो भी वादा किया है उसे पूरा करने हेतु कटिबद्ध है। वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक पाली तनाखार तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली अजय जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा श्रीमती सोनी विकास झा, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगमायुक्त आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पुल निर्माण की घोषणा पर लोग खुश

पाली नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 03 पत्ता गोदाम के पास स्थित पुल के पुराने होने के कारण बारिश के दिनों में पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन अवरुद्ध होने की शिकायत उपमुख्यमंत्री श्री साव के समक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों द्वारा करते हुए नवीन पुल निर्माण की मांग की गई।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने वार्ड नंबर 03 मेन रोड के पास नए पुल निर्माण की स्वीकृति की घोषणा करते हुए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से पुल निर्माण की बात कही। लोगों ने यह घोषणा होने पर खुशी जताई और कहा कि जल्द ही यह काम जमीन पर दिखना चाहिए।

# अनवरत बारिश से जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त ,किसानों के चेहरे खिले तो घरों में घुसा पानी

**बिलासपुर,** 06 जुलाई (देशबन्धु)। तड़के 5 बजे से शाम तक हुई झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया । रविवार की छुट्टी के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे । व्यापारिक संस्थान भी लगभग बंद रहे । अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए है और वे खेती किसानी में जुट गए हैं। लगातार बारिश से हर साल की तरह इस बार भी पानी की निकासी पर्याप्त नहीं होने से निचले इलाको में बारिश का पानी तेजी से घुस गरीब परिवारों के लिए चिंता का सबब बन गया । शहर की सड़कों और गलियों में भी नालों जैसा नजारा देखने को मिला ।





सावन मास शुरू होने में अभी 5 दिन शेष है लेकिन आषाढ़ माह के जाते जाते सावन का नजारा देखने को मिल रहा है । कई दिनों से झड़ी की स्थिति है। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश ने नगर निगम के बारिश पूर्व नाले नालियों की सफाई के दावों की पोल खोल दी है हालांकि निगम अमला शहर के कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई में युद्ध स्तर पर लगा हुआ है । नालियों की सफाई कर पूरी गंदगी सड़क में रख दी जाती है और दूसरा अमला गंदगी को उठाने आए इसके पहले बारिश पूरी गंदगी को फिर से नाले में बाहर जाती है । सफाई अमला नाली से निकली गंदगी को सूखने के इंतजार में रहता है । वैसे तो पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है लेकिन रविवार को सुबह से ही तेज बारिश के कारण शहर में सड़कों पर दरिया जैसी धार बहती रही। नाले नालियों का गंदा पानी घरों में घुसता रहा जिससे लोगों का सामान भीगकर बर्बाद हो गया । व्यापार विहार के कई दुकानों में तेज बारिश का पानी घुस गया। टैगोर चौक स्थित अंबा पेट्रोल पंप की भारी भरकम दीवार ढह गई जिसकी चपेट में आने से टिकरापारा के ऑटो चालक का ऑटो बाइक और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गए।

शनिवार को दिन भर बारिश के बाद शाम को बारिश पर ब्रेक लगा लेकिन रविवार की तड़के शुरू हुई बारिश शाम तक नहीं थम पाया था। अनवरत बारिश ने पूरे शहर का हाल बेहाल कर दिया। जिन नाले नालियों की सफाई का दावा किया गया था वे गले तक मलबे से भरे हुए थे। नतीजा यह हुआ कि बदबूदार गंदा पानी सड़कों पर दरिया की तरह बहने लगा और फिर यही पानी गलियों से होते हुए लोगों के घरों तक घुस गया जिससे लोग बेहद परेशान रहे। जिला अस्पताल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर तक की समस्या का निदान प्रशासन ने शिकायत के बाद भी नहीं किया। जिला अस्पताल के जच्चा बच्चा अस्पताल परिसर में हनुमान मंदिर में भी बारिश का पानी भरा रहा और भगवान की मूर्तियां डूबने की नौबत आ गई। इस बारिश के पानी में अस्पताल के सीवरेज का पानी भी मिला होता है। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पिछले दिनों कांग्रेस नेता शिवा मिश्रा और वार्ड पार्षद ओम कश्यप के नेतृत्व में मंदिर से जुड़े लोगों और मोहल्लेवासियों ने जिलाधीश और सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने बताया था कि मंदिर में सीवर लाइन का पानी घुसता है और बारिश में मंदिर में मूर्तियां डूब जाती हैं पर किसी ने इसके निदान के लिए कोई पहल नहीं की। इसी तरह सदर बाजार,गोलबाजार,श्रीकांत वर्मा मार्ग,निरालानगर, पुराने बस स्टैंड जोरा पारा सरकंडा समेत पूरे शहर की सड़कों पर पानी की तेज धार बहती रही। सीपत रोड से लगे जोरापारा,बंधवापारा,कपिल नगर से लेकर मोपका तक नाले नालियों के मलबे से भरे होने और निकासी का इंतजाम न होने से सड़क से लेकर गलियों और घरों में पानी भरा रहा। मोपका में पार्षद मोहन श्रीवास को नगर निगम से एक्सकेवेटर मंगवाकर दीवार तोड़वाकर पानी की निकासी करानी पड़ी। यहां लोगों ने बिना अनुमति प्लॉट खरीदकर भवन निर्माण करा लिया है जिससे पानी निकासी की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। बारिश पूर्व जल भराव वाले क्षेत्रों की समीक्षा और उपाय के लिए शायद निगम प्रशासन ने गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया और यदि विचार किया भी गया हो तो आवश्यक कदम नहीं उठाया जा सका । सिर्फ नालियों की साफ सफाई से ही बरसाती समस्या हल नहीं हो जाता । सड़कों के गड्ढे तक तो नहीं भरे जा सके है । उपर से हाल यह है कि 3 माह पहले ही डामरीकरण किए गए सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है ।

## लगातार रिमझिम बारिश से किसानों को राहत, सुखी अरपा नदी में जल स्तर बढ़ा

पिछले तीन दिनों से सुबह से दोपहर बाद तक हो रही बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है । अच्छी बारिश से किसान कृषि कार्य में जुड़ गए है।लगातार बारिश के बाद अरपा भैंसाझार बांध से पानी छोड़े जाने से सुखी अरपा नदी की प्यास बुझ गई है । नदी पाटों पाट बह रही है हालांकि सड़कों की हालत खराब होने लगी है। छत्तीसगढ़ में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी बीच मौसम विभाग ने 12 घंटों में बिलासपुर समेत 7 जिलों के लिए बाढ़ की चेतावनी की जारी की है। जिसके अनुसार,कोरिया, एमसीबी, सूरजपुर, सरगुजा, कोरबा, जशपुर और बिलासपुर जिलों में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मानसून सक्रिय रहेगा। वहीं 3 दिनों तक बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट किया जारी किया है। तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अगले 24 से 48 घंटे में कई जिलों में तेज बारिश दर्ज किया गया है।



प्रदेश में बारिश का दौर जारी है मौसम विभाग के अनुसार, रुक-रुक कर तेज बारिश हो सकती है। रायपुर में सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं वहीं रिमझिम बारिश का दौर भी जारी है। जबकि रायपुर और बिलासपुर में भारी बारिश की भी संभावना जताई जा रही है। मौसम में हुए परिवर्तन के कारण 2-3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट आई है। प्रदेश में लगातार वर्षा की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 27एष्ट वहीं न्यूनतम तापमान 23एष्ट बना हुआ है।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771